दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 54 | ग्वालियर शुक्रवार 25 नवम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

एक नजर

सुप्रीम कोर्ट में खुली अरुण गोयल को चुनाव आयुक्त बनाए जाने की फाइल, जज ने पूछा- एक ही दिन में कैसे फाइनल हुआ नाम

नई दिल्ली। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति को लेकर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कई सवाल पूछे। कोर्ट ने बुधवार (23 नवंबर) को केंद्र से चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेज तलब किए थे। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को फिर सुनवाई हुई। केंद्र ने नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़ी फाइल कोर्ट को सौंपी। इसे देखने के बाद बेंच ने कई सवाल पूछे। यह भी पूछा अरुण गोयल का नाम एक ही दिन में कैसे फाइनल हो गयासुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सवाल पूछा कि चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए कानून मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री की मंजूरी के लिए भेजे गए चार नामों को शॉर्टलिस्ट करने के पीछे क्या मानदंड थे? पीठ ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए एक स्वतंत्र तंत्र की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की थी कि यह उचित होता अगर मामले की सुनवाई के दौरान नियुक्ति नहीं की जाती।जस्टिस रस्तोगी ने कहा कि 15 मई को पद खाली हुआ, ऐसे में सरकार ने इस पर नियुक्ति के लिए जल्दबाजी क्यों की? उसी दिन क्लीयरेंस, उसी दिन नोटिफिकेशन, उसी दिन मंजूरी। फाइल 24 घंटे भी नहीं घूमी। यह तो बिजली की गति से भी तेज हुआ। इस पर अटॉर्नी जनरल ने कहा कि वो सभी बातों का जवाब देंगे, लेकिन अदालत उनको बोलने का मौका तो दें। जस्टिस ने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि क्या व्यवस्था कायम है और प्रक्रिया ठीक काम कर रही है डेटाबेस सार्वजनिक डोमेन में है और कोई भी इसे देख सकता हैनियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित फाइल सुप्रीम कोर्ट को सौंपी- गुरुवार को केंद्र सरकार ने संविधान पीठ को अरुण गोयल की निर्वाचन आयुक्त पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया से संबंधित फाइल सौंपी। सरकार ने कहा कि नियुक्ति की ओरिजिनल फाइल की प्रतियां पांचों जजों को दी गई हैं। सुनवाई के दौरान पीठ ने नियुक्ति के तरीके पर भी सवाल उठाए। जस्टिस अजय रस्तोगी ने इतनी तेजी से फाइल आगे बढ़ने और नियुक्ति करने पर सवाल खड़े किए। उन्होंने पूछा कि 24 घंटे के भीतर सारी जांच पड़ताल कैसे कर ली गई?

भारतीय नौसेना बाइकर टीम पूरे पूर्वोत्तर में बाइक अभियान शुरू करेगी

गुवाहाटी। देश की आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के तहत भारतीय नौसेना की मोटर बाइक टीम - द सी राइडर्स सात राज्यों में मोटरसाइकिल अभियान शुरू करने के लिए तैयार है. नौसेना के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यात्रा शुक्रवार सुबह गुवाहाटी से शुरू की जाएगी. अभियान को वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर. हरि कुमार हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. दो महिला अधिकारियों सहित 31 सवारों वाले सी राइडर्स 24 दिनों की अवधि में कुल 3500 किमी की दूरी तय करेंगे.अभियान सभी सात राज्यों में दो चरणों में फैला हुआ है, जिसमें प्रत्येक चरण में उत्तर पूर्व-भारत के कुछ सबसे कठिन और सबसे लुभावने इलाकों को कवर किया गया है. यह अभियान गुवाहाटी, शिलांग, आइजोल, इंफाल और कोहिमा की राजधानी शहरों से होकर गुजरेगा, जो उच्च ऊंचाई वाले सेला और बुम ला दें से होकर गुजरेगा.अभियान के दौरान, सी राइडर्स विभिन्न स्कूलों में छात्रों के साथ बातचीत करेंगे और उन्हें भारतीय नौसेना के बारे में जागरूक करते हुए रोमांच की भावना का परिचय देंगे. इस अनूठी साझेदारी का उद्देश्य युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है.

दिल्ली में तेजी से गिर रहा तापमान, इन राज्यों में भी पड़ने वाली है कड़ाके की ठंड

राजधानी दिल्ली समेत समूचा उत्तर भारत धीरे-धीरे ठंड के आगोश में सिमटता जा रहा है. पहाड़ों पर पड़ रही बर्फ की वजह से दिल्ली, यूपी, हरियाणा, पंजाब और बिहार जैसे राज्यों में सर्द हवाएं चल रही हैं. हालांकि सूर्य भगवान की कृपा के कारण लोगों को ठंड से थोड़ी राहत जरूर हैं. भारतीय मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और ज्यादा गिरावट दर्ज की जाएगी, जिसकी वजह से मैदानी इलाकों में ठिठुरन बढ़ेगी. वहीं, दूसरी ओर दिल्ली में वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली (स्न्न्रक्र) के मुताबिक आज की वायु गुणवत्ता सूचकांकआज 173 (मध्यम) श्रेणी में है.दिल्ली के जिन इलाकों में सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई, उनमें इंडिया गेट-कर्तव्य पथ, नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक और संसद भवन का क्षेत्र शामिल है. मौसम विभाग के अनुसार राजधानी दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से मिनिमम टेंपरेचर 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया जा रहा है।

रामजेठमलानी के आधे सूटकेस में ही आ जाते 1 करोड़ रुपये

नोटबंदी फैसले पर सुनवाई के दौरान ऐसा क्यों बोले चिदंबरम

नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी सरकार के नोटबंदी फैसले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीनियर एडवोकेट पी चिदंबरम ने तीखा हमला बोला। उनका कहना था कि सरकार कहती है कि कालेधन को बाहर निकालने के लिए उसने नोटबंदी जैसा कदम उठाया। लेकिन दो हजार का नोट शुरू करने के बाद तो कालेधन को स्टोर करना ज्यादा आसान हो गया है। उन्होंने दिवंगत दिग्गज वकील राम जेठमलानी से जुड़े एक केस का उदाहरण दिया। उस दौरान जेठमलानी ने अपने दावे को सही साबित करने के लिए कहा था कि एक सूटकेस में 1 करोड़ रुपये आ सकते हैं। चिदंबरम का कहना था कि दो हजार का नोट आने के बाद जेठमलानी को 1 करोड़ रखने के लिए आधा सूटकेस ही बहुत होता।

हर्षद मेहता मामले में आया था सूटकेस का जिक्र-हर्षद मेहता स्कैम में तत्कालीन पीएम नरसिंह राव को एक करोड़रुपए की रिश्वत सूटकेस में दने का आरोप लगा था। हालांकि बचाव पक्ष ने दलील दी कि इतनी बड़ी राशि का एक सूटकेस में आना

संभव ही नहीं। राम जेठमलानी ने कोर्ट से एक दिन का समय मांगा और अगली तारीख पर जब वो आए तो उनके हाथ में एक सूटकेस था। उनका कहना था कि बैग में एक करोड़ रुपए आसानी से आ सकते हैं। जज ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि आपको एक करोड़ रुपए कोर्ट में लाने की क्या जरूरत थी आप ऐसे ही कह सकते थे कि यह संभव है। रामजेठमलानी की दलील थी कि कोर्ट दलीलों से ज्यादा सबूतों पर यकीन करती है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चिदंबरम ने कहा कि 2016 में मोदी सरकार का नोटबंदी का फैसला सरासर गलत था। उनका कहना था कि जो कुछ भी उस दौरान हुआ वो हो चुका है। कोर्ट को देखना होगा कि इस तरह का फैसला फिर से न हो। उनका कहना था कि सरकार दलील दे रही है कि आतंकवाद, ड्रग ट्रैफेकिंग और कालेधन को काबू करने के लिए ये फैसला लिया गया था। लेकिन ड्रग्स का कारोबार बदस्तूर जारी है। उनका कहना था कि सरकार ने जो हलफनामा अपने बचाव में दिया है वो हास्यास्पद है। उनका कहना था कि इसमें कहीं कोई जिक्र नहीं है कि नोटबंदी का फैसला लेते वक्त कौन मौजूद था और कौन नहीं। रिजर्व बैंक का क्या रोल था। जो मीटिंग हुई उसका कोरम पूरा था भी या नहीं।

दोषियों की रिहाई को एससी में चुनौती देगी कांग्रेस

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारों की रिहाई के मामले पर कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करेगी. सूत्रों ने सोमवार को ये जानकारी दी है. हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने राजीव गांधी हत्याकांड में शामिल 6 दोषियों को रिहा कर दिया था. कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी राजीव गांधी हत्याकांड के छह दोषियों की रिहाई के फैसले को चुनौती देते हुए जल्द ही उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करेगी. सुप्रीम कोर्ट ने 11 नवंबर को राजीव गांधी हत्याकांड में जेल की सजा काट रहे छह आरोपियों को 31 साल तक जेल में रहने के बाद रिहा करने का आदेश दिया था.वहीं दूसरी तरफ राजीव गांधी हत्याकांड मामले में केंद्र सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है. केंद्र की ओर दोषियों को रिहा करने के फैसले पर पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है. इस याचिका में कहा गया है कि पूर्व पीएम की हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट को केंद्र सरकार का पक्ष भी सुनना चाहिए था.गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नलिनी श्रीहरन के अलावा आर पी रविचंद्रन, संथन, मुरुगन, रॉबर्ट पायस और जयकुमार जेल से बाहर आ गए थे. वहीं इसी साल मई में सुप्रीम कोर्ट ने एक अन्य दोषी एजी पेरारिवलन को आर्टिकल 142 का हवाला देते हुए रिहा कर दिया था. वहीं कांग्रेस ने इन 6 हत्यारों की रिहाई को दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य बताया था.

भारत ने 5000 किमी तक मार करने वाली मिसाइल का किया सफल परीक्षण

नई दिल्ली। भारत ने अपने दूसरे सबसे ज्यादा दूर तक मार कर सकने वाले बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है. भारत ने मध्यम दूसरी तक मार करने वाली जिस अग्नि 3 मिसाइल का सफल परीक्षण किया है, उसकी रेंज 3000 किमी से 5000 किमी तक है. इसकी जद में आधा यूरोप और पूरा चीन आ जाता है. इसके अलावा समूचा दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्वी एशिया, मिडिल ईस्ट के साथ ही अफ्रीका महीद्वीप के कुछ हिस्से भी आ जाते हैं. इसका परीक्षण एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया.अग्नि मिसाइल न सिर्फ एक स्थिर जगह से दागी जा सकती है

खनन भंडार की सुरक्षा के लिए राज्य सरकारें जिम्मेदार

कोलकाता। केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को औद्योगिक नगरी दुर्गापुर में कहा कि राज्य में कोयला भंडार सहित खनन भंडार की रक्षा करना संबंधित राज्य सरकार की जिम्मेदारी है. हालांकि, उन्होंने करोड़ों रुपये के कोयला तस्करी घोटाले पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों द्वारा चल रही जांच पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया. कोयला मंत्री ने कहा, मामले में जांच चल रही है इसलिए मैं इस मामले में कोई टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं हूं, लेकिन कोयले की चोरी रोकना संबंधित राज्य सरकार की जिम्मेदारी है. सिर्फ कोयला ही नहीं बल्कि किसी राज्य में किसी भी खनन रिजर्व की सुरक्षा संबंधित राज्य सरकार की जिम्मेदारी ह

सत्येंद्र जैन को तिहाड़ में मिलेगा

उपवास का खाना जेल प्रशासन ने क्या कहा

नई दिल्ली। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में गुरुवार को मंत्री सत्येंद्र जैन को उनके धार्मिक उपवास के अनुसार खाना देने की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई. तिहाड़ जेल प्रशासन ने कोर्ट में अपनी रिपोर्ट सौंपी है. इस दौरान सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई में जुड़े थे. राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज विकास ढुल की कोर्ट में सत्येंद्र जैन और जेल प्रशासन के वकीलों ने अपने-अपने पक्षों को रखा. सत्येंद्र जैन के वकील राहुल मेहरा ने कोर्ट में कहा कि हर व्यक्ति को अपना धर्म मानने की स्वतंत्रता है. राज्य या जेल प्रशासन को इससे रोकने का अधिकार नहीं है. सत्येंद्र जैन, जैन धर्म के मुताबिक बिना मंदिर जाएं अन्न नहीं खा सकते हैं, इसलिए नहीं खाया. इन्होंने ष्ट्ष्ठ्ठ दिखाया तो यह भी दिखा दें कि उन्होंने अन्न खाया. जेल में अन्य कैदियों को कभी चीजों की कमी होती है तो शेयर कर लेते हैं. सत्येंद्र जैन लगातार व्रत में हैं, ये उनपर ही निर्भर करता है कि वो कब तक जारी रखना चाहते हैं. यहां एक व्यक्ति के जीवन के अधिकार का मामला है.सत्येंद्र जैन के वकील ने कहा कि इस देश में किसी भी व्यक्ति से यह नहीं कहा जा सकता है कि वह अपने धर्म का किस तरह से पालन करेगा, किसी को धर्म के पालन करने से कोई नहीं रोक सकता है. उन्होंने कहा कि इतने सारे वीडियो बाहर आए हैं।

जामा मस्जिद में लड़कियों की एंट्री पर पाबंदी हटी, शाही इमाम सहमत

नई दिल्ली। दिल्ली के जामा मस्जिद में लड़कियों की एंट्री पर प्रतिबंध लगाने वाले वाले नोटिस को वापस ले लिया गया है. एलजी वीके सक्सेना ने गुरुवार को जामा मस्जिद के शाही इमाम बुखारी से बातचीत की और उन्होंने महिलाओं के प्रवेश पर बैन लगाने वाले आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया. उपराज्पाल के अनुरोध पर शाही इमाम बुखारी ने अपनी सहमति जताई और अपने आदेश को रद्द कर दिया. देश की राजधानी दिल्ली में जामा मस्जिद में महिलाओं की एंट्री पर रोक वाले फैसले का विरोध शुरू हो गया था. इसके विरोध में दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा कि जामा मस्जिद में लड़कियों के प्रवेश को रोकने का फैसला एकदम गलत है. एक पुरुष को बादत का जितना हक है उतना ही एक महिला को भी है।.

रसना ग्रुप के चेयरमैन अरीज पिरोजशॉ खंबाटा का निधन

नई दिल्ली। लोकप्रिय पेय ब्रांड रसना के मालिक अरीज पिरोजशॉ खंबाटा का निधन हो गया है. वो 85 वर्ष के थे. खंबाटा को रसना फाउंडेशन के चेयरमैन के रूप में जाना जाता था. वो बेनेवॉलेंट ट्रस्ट भी चलाते थे. रसना ब्रांड शीतल पेय निर्माता कंपनी है, जो पाउडर के रूप में भी रसना की बिक्री करती थी. खासकर बच्चों के बीच रसना ब्रांड काफी मशहूर है. बताया जा रहा है कि अरीज पिरोजशॉ खंबाटा का निधन उम्र संबंधी परेशानियों के चलते हुई. आखिरी समय में उन्हें कार्डिएक अरेस्ट आया था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था. हालांकि वो उससे उबर नहीं सके.

पारसी रीति से रिवात से आखिरी विदाई-अरीज पिरोजशॉ खंबाटा पारसी थे. और भारत के प्रसिद्ध पारसी व्यवसाई परिवारों में से एक खंबाटा परिवार के मुखिया थे. वो इंडो-ईरानी पारसियों के वैश्विक ग्रुप के पूर्व चेयरमैन भी रह चुके हैं

गडकरी ने हरियाणा, तेलंगाना, आंध्रा में सड़क परियोजनाओं को दी मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हरियाणा में लगभग 1,322 करोड़ रुपये और तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के लिए 573.13 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है. ट्वीट की एक सीरीज में उन्होंने कहा, हरियाणा राज्य में भिवानी और हिसार जिलों में भारतमाला परियोजना के तहत एनएच-148बी के भिवानी-हांसी सड़क खंड को 1,322.13 करोड़ रुपये की लागत से चार लेन का बनाने की मंजूरी दी गई है. उन्होंने कहा, यह परियोजना हरियाणा में तेज आवाजाही और अच्छी अंतर-जिला कनेक्टिविटी प्रदान करेगी. मंत्री ने कहा, इस खंड के विकास से लंबे मार्ग यातायात और माल ढुलाई की समग्र दक्षता में भी सुधार होगा जो सुगम और सुरक्षित यातायात प्रवाह के साथ-साथ यात्रा के समय में पर्याप्त कमी और



वाहन परिचालन लागत (वीओसी) को कम करेगा. उन्होंने कहा, यह परियोजना हरियाणा में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देगी जो क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास को गति प्रदान करेगी. दक्षिणी राज्यों में सड़क परियोजना के बारे में गडकरी ने पोस्ट किया, तेलंगाना के मुलुगु जिले में एनएच-163 के हैदराबाद-भूपालपट्टनम खंड से पेव्ड शोल्डर के साथ मौजूदा दो लेन की सड़क को चौड़ा करने की कुल लागत 136.22 करोड़ रुपये है.उन्होंने कहा, परियोजना खंड प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे लकनावरम झील और बोगोथा झरनों को जोड़ता है. इस खंड के विकास से तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के बीच अंतरराज्यीय संपर्क में सुधार होगा. मंत्री ने कहा कि मुलुगु जिला एक वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिला है और इस खंड के विकास से सरकार को वामपंथी उग्रवाद गतिविधियों पर नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी.गडकरी ने कहा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में नागरकुर्नूल जिले में कृष्णा नदी पर प्रतिष्ठित पुल सहित एनएच-167के पर पुनर्वास और उन्नयन को ईपीसी मोड पर 436.91 करोड़ रुपये की कुल लागत से मंजूरी दी गई है. उन्होंने कहा, एनएच-167के हैदराबाद/कलवाकुर्ती और तिरुपति, नंद्याला/चेन्नई जैसे महत्वपूर्ण स्थलों के बीच की दूरी को लगभग 80 किमी कम कर देगा क्योंकि वर्तमान में एनएच-44 का अनुसरण करने वाला ट्रैफिक पूरा होने के बाद एनएच-167के पर चला जाएगा.

उद्भव साहित्यिक मंच ने कवि अनंग पल सिंह को किया सम्मानित, मासिक गोष्ठी में हुई सुंदर रचनाओं की प्रस्तुति

महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। उद्भव साहित्यिक मंच ने श्रेष्ठ रचनाकारों एवं साहित्यकरों को सम्मानित करने की श्रंखला में गत दिवस वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि अनंगपाल सिंह भदौरिया अनंग को सम्मानित किया गया । अनंगपाल सिंह भदौरिया अनंग को सम्मानित करते हुए संस्था के सचिव दीपक तोमर ने कहा ककि उद्भव ने साहित्य के लिए समर्पित श्रेष्ठ रचनाकारों को सम्मानित कर अपने साहित्यिक योगदान का कार्य आरम्भ किया है इसी कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव ग्वालियर साहित्य उत्सव का आयोजन कर देश विदेश के साहित्यकारों को ग्वालियर आमंत्रित कर साहित्यिक गंगा का प्रवाह किया था।

सम्मान कार्यक्रम के उपरांत उद्भव साहित्यिक मंच की मासिक गोष्ठी का शुभारंभ माँ सरस्वती का माल्यार्पण कर किया गया ।सरस्वती वंदना साहित्यकार जगदीश गुप्त महामना ने सुमधुर स्वर में प्रस्तुत की। सभी का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन की भूमिका सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाह ने निभाई । कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए अनंगपाल सिंह भदौरिया ने साहित्यिक गतिविधियों को निरंतर संस्था द्वारा संचालित रखना बहुत ही सराहनीय एवं अनुकरणीय बताया।

इसके उपरांत काव्यगोष्ठी का प्रारम्भ करते हुए राम चरण चिराड़ रुचिर ने पड़ा,

धर्म नीति की राह न भटके,वही सुखद व्यवहारी है।
सरल, सहज, समरस जीवन ही, होता परहितकारी है।

सरिता चौहान ने कुछ इस तरह गीत प्रस्तुत किया ।

आँख से तुम देख लो, क्या हो रहा है
आजकल।
आदमी खुद बीज विष के, बो रहा है आजकल।

सुरेंद्र सिंह परिहार ने आध्यात्मिक गीत को इस तरह पड़ा-

पीड़ा में हूँ,मन उच्चाटित है,
चाहे जितना ड़ोर लगाऊँ।

गोष्ठी का संचालन कर रहे सुरेन्द्र पाल सिंह कुशवाहा ने वीरांगना लक्ष्मी बाई को इस तरह याद किया।

कठिन समय में लक्ष्मी बाई जैसा जोश जगाना,
रानी सिखलाती है, अपनी मिट्टी पर मिट जाना।

जगदीश महामना का गीत इस तरह रहा ।

उल्लासों ने नृत्य रचे है,
वारिस की बूंदों ने रास।
जाग गया हूँ ब्रह्मघड़ी में,
कुंडल,कमल खिला आकाश।

डॉ. किंकर पाल सिंह जादौन ने सुनाया-

जब-जब तुमने छूकर मुझको किया इशारा है,
तब ङ्कतब लगा किसी पीड़ा ने,मुझे पुकारा है।

गिरेन्द्र सिंह भदौरिया का गीत इस प्रकार था।

मुझे लालसा नहीं किसी की,न तृप्ति कि प्यास।
मुझे चाहिए अपनी धरती ,अपना ही आकाश।

वरिष्ठ साहित्यकार अनंग पाल सिंह भदौरिया अनंग ने गोष्ठी का समापन इस तरह से किया ।

रूह की पोशाक अब, काफी पुरानी हो गई।
जो सुनहरी थी कभी, अब आसमानी हो गई।

गोष्ठी का संचालन सुरेन्द्रपाल सिंह कुशवाहा एवं आभार संस्था के सचिव दीपक तोमर ने किया। उक्त अवसर पर श्रीमती रजनी तोमर एवं प्रोफेसर प्रतापभानु सिंह भदौरिया आई आई टी खड़गपुर विशेष रूप से उपस्थित थे ।

शासकीय राज छवि खुरासिया माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में हुआ वस्त्र वितरण

महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

गोहद-भिण्ड। गोहद नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी नाथूराम अग्रवाल द्वारा आज गोहद नगर के शासकीय राज छवि खुरासिया माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 मैं सर्दी के मौसम को देखते हुए उदारता पूर्वक गर्म वस्त्रों का वितरण किया जिसमें एक से पांच तक के ऐसे बालक बालिकाएं जो अभाव के चलते गर्म कपड़े खरीदने में असमर्थ थे उन्हें विद्यालय के प्रधानाध्यापक आचार्य बृज मोहन शर्मा की सलाह पर बालक बालिकाओं को गर्म कपड़े बांटे इस अवसर पर संकुल प्राचार्य मुन्ना लाल वर्मा सीएम राज के उप प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह भदोरिया विद्यालय के प्रधानाध्यापक आचार्य बृज मोहन शर्मा क्रीड़ा भारती के अरविंद शर्मा समाजसेवी सोनू राठी संजय मांझी वरिष्ठ शिक्षक करण सिंह चौरसिया किरण शुक्ला रविंद्र सोनी श्यामसुंदर राठौर जितेंद्र शर्मा ज्योति शर्मा श्री कोरव रेखा प्रजापत एवं समाजसेवी और गणमान्य जन उपस्थित थे।

मंदिर महंत के साथ गाली गलौज करते हुए की तोड़फोड़

पुष्पांजली टुडे

गोहद /थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ा बाजार वार्ड क्रमांक 10 कतुवां दरवाजा में स्थित अति प्राचीन नरसिंह भगवान का मंदिर बना हुआ है जहां मंदिर के पुजारी के विवाद के चलते आये दिन विवादित स्थिति रहती है जिसमें 21 नवंबर की रात्रि को आरोपियों ने आकर मंदिर के महंत सरजू दास बैरागी पुत्र दयाराम बैरागी उम्र 34 साल निवासी नरसिंह मंदिर कतुवां दरवाजा वार्ड क्रमांक 10 के साथ आरोपी गढ़ राकेश कटारे,मंजू कटारे, रामसागर मुद्गल निवासी गढ़ गोहद एवं नवीन मुद्गल निवासी लहचूरा थाना मालनपुर ने 21 नवंबर की रात्रि को लगभग 9:20 बजे मंदिर में पहुंचकर आरोपियों ने महंत सरजूदास बैरागी को गाली गलौज शुरू कर दी एवं मंदिर में तोड़फोड़ कर दी तथा मंदिर में लगे हुए 4 कैमरे भी तोड़ ले गए एवं जान से मारने की धमकी दी जिस पर गोहद पुलिस ने धारा 421,294, 506,34 आईपीसी के तहत मामला भी दर्ज कर लिया है इससे पहले भी आरोपियों द्वारा फरियादी के साथ कई बार मारपीट की गई है अति प्राचीन नरसिंह मंदिर पर लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है बताया जाता है कि मंदिर के महंत की व्यवस्थाओं को लेकर विवादित स्थिति रहती है एसडीएम द्वारा अस्थाई रूप से मंदिर के महंत की जिम्मेदारी सरजू दास बैरागी को दी गई है जिस पर आरोपियों को ऐतराज है इस संदर्भ में महंत सरजू दास बैरागी ने मंदिर परिसर में प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी उपलब्ध कराई।

योग और एरोबिक्स में से किसका अभ्यास करना अधिक फायदेमंद?

वैसे तो वर्कआउट रूटीन में शामिल करने के लिए कई एक्सरसाइज हैं, जो शरीर को फिट एंड फाइन रखने में मदद कर सकती हैं। एरोबिक्स सभी एक्सरसाइज में से अधिक ट्रेंडिंग है। हालांकि, मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के अभ्यास को सबसे ज्यादा बेहतर माना जाता है क्योंकि यह दिमाग को शांत रखकर उसे कई विकारों से सुरक्षित रखने में सक्षम है। हालांकि, अगर आप इन दोनों के चयन के बीच उलझे हुए हैं तो आइए इसे सुलझाते हैं।

एरोबिक्स क्या है?

एरोबिक्स एक्सरसाइज को कार्डियोवैस्कुलर वर्कआउट के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि यह हृदय के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मददगार है और सभी मांसपेशियों तक बेहतर तरीके ऑक्सीजन की पूर्ति करने में भी मदद कर सकती है। इसके अतिरिक्त, एरोबिक अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाती है। यह रक्त शर्करा के स्तर को कम करती है और बढ़ते वजन को नियंत्रित करने में भी सहयोग प्रदान करती है।

योग से क्या समझते हैं आप?

योग एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो मन, शरीर और आत्मा को मजबूती प्रदान करती है। योग विभिन्न प्रकार के होते हैं जैसे आसन (शारीरिक मुद्रा), प्राणायाम (श्वास व्यायाम) और मेडिटेशन (ध्यान)। योग के अभ्यास की मदद से आपको सिर्फ शारीरिक लाभ ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े फायदे भी मिल सकते हैं। बस इस एक्सरसाइज का अभ्यास करते समय सांस पर नियंत्रण रखना जरूरी है।

वजन घटाने के लिए इस एक्सरसाइज को रूटीन में करें शामिल

एरोबिक्स में हाई कैलोरी बर्निंग एक्सरसाइज शामिल है, जबकि योग कोर मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाने में सहायक है और मांसपेशियों के लचीलेपन में भी सुधार करता है। योग का आत्मा पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है और आध्यात्मिक विकास होता है। योग के कुछ रूप हैं, जैसे हॉट योग, जो वजन कम करने के लिए ही डिजाइन किया गया है। हालांकि, अगर वजन घटाना आपका प्राथमिक लक्ष्य है तो एरोबिक्स बेहतर विकल्प होगा।

समग्र स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है यह एक्सरसाइज

एरोबिक और योग दोनों समग्र स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छे हैं। ये दोनों ही मेटाबॉलिज्म को तेज करते हैं, रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान करते हैं और शारीरिक मुद्रा में सुधार करते हैं। हालांकि, एरोबिक शरीर को वह शक्ति और लचीलापन प्रदान नहीं कर सकता, जो योग का नियमित अभ्यास करके मिल सकता है।

पिंपल्स के दौरान की गई ये गलतियां पड़ती हैं स्किन पर भारी, पनपते हैं मुंहासे

चहरे पर पिंपल्स होना एक आम समस्या हैं जो कि मौसम में बदलाव, गलत खानपान या स्किन की सही देखभाल ना करने की वजह से हो सकते हैं। कुछ समय के बाद ये पिंपल्स अपनेआप दूर हो जाते हैं। हांलाकि इन्हें दूर करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। लेकिन कई बार देखने को मिलता हैं कि पिंपल्स के दौरान महिलाएं कुछ गलतियां कर बैठती हैं जो स्किन को नुकसान पहुचाते हुए मुंहासों की समस्या को पैदा करने का काम करते हैं। हम आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में...

पिंपल्स को छेड़ना

सिर्फ मुंहासे फोड़ने से ही नहीं, बल्कि उन्हें बार-बार छूने से भी बचना चाहिए। क्योंकि, हमारे हाथों पर गंदगी और कीटाणु हो सकते हैं। जो कि पिंपल्स को गंभीर बना सकते हैं और स्किन इंफेक्शन का खतरा बना सकते हैं।

मुंहासे फोड़ना

पिंपल्स के साथ लोग सबसे बड़ी गलती यह करते हैं कि उन्हें फोड़ने लगते हैं। लेकिन, ऐसा करने से पूरे चेहरे पर मुंहासे आ सकते हैं। क्योंकि, पिंपल्स फोड़ने पर उनसे निकलने वाला पस (पदार्थ) बैक्टीरियल इंफेक्शन को

बढ़ा सकता है। यह पस चेहरे के जिस हिस्से के संपर्क में आएगा, वहां मुंहासे आने का खतरा बढ़ जाता है। वहीं, यह गलती पिंपल्स के बाद गहरे दाग-धब्बे भी छोड़ सकती है।

गंदा तकिया

अगर चेहरे पर पिंपल्स हैं तो भूल से भी गंदे तकिए पर न सोए या उसका यूज करें। ऐसा करने से चेहरे पर और भी मिट्टी बैठती है। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो आपके पिंपल्स बढ़ने के ज्यादा आसार बन जाते हैं। गंदी मिट्टी से पिंपल्स और बढ़ सकते हैं।

पॉप अप

देखा जाए तो ये स्किन पर पिंपल्स के बढ़ने की अहम वजह मानी जाती है। कोशिश करें कि पिंपल्स को कभी भी पॉप अप यानी उनकी पपड़ी छिलने की गलती न करें। लोगों को लगता है पिंपल की पपड़ी छील देने से वो वहीं खत्म हो जाएगा, जबकि इससे पिंपल्स और बढ़ते हैं।

बार-बार चेहरे को धोना

अगर आपकी ऑयली स्किन है और आपको पिंपल्स परेशान कर रहे हैं, तो चेहरे को बार-बार धोने की गलती ना करें। क्योंकि, जरूरत से ज्यादा चेहरा धोने से चेहरे की प्राकृतिक नमी छिन सकती है और त्वचा को खुरदुरा और उस पर गड्ढे बनने का कारण बन सकती है। दिन में दो बार से ज्यादा चेहरा धोने से बचना चाहिए।

गलत फेसवॉश का इस्तेमाल

चेहरे को साफ रखने और पिंपल्स से छुटकारा पाने के लिए सही फेसवॉश का इस्तेमाल करें। क्योंकि, गलत फेसवॉश का उपयोग स्किन इर्रिटेशन को बढ़ा सकता है। अपने लिए सही फेसवॉश का चुनाव करने के लिए अपनी स्किन का टाइप समझें और फिर फेसवॉश खरीदते समय उसके पैकेट पर दी जानकारी पर ध्यान दें।

सनस्क्रीन का सही से इस्तेमाल ना करना

अक्सर लड़कियां गालों पर पिंपल्स होने पर सनस्क्रीन ना लगाना सही समझती है। मगर सनस्क्रीन लगाने से स्किन का सूरज की तेज किरणों से बचाव रहता है। इसलिए अपनी स्किन टाइप के हिसाब से सनस्क्रीन चुनें और कहीं जाने के 10-15 मिनट पहले इसे लगाएं।

काजल से हो सकता है नुकसान

खूबसूरती निखारने के लिए महिलाएं आमतौर पर काजल का प्रयोग करती हैं पर क्या आप जानती हैं ये काजल से भरी आखों की चाहत ही आपकी आंखों को नुकसान पहुंचा सकती है। यह सही है कि इससे आंखें बहुत ही खूबसूरत लगती हैं पर यह सेहत के लिए अच्छा नहीं है। डॉक्टरों का मानना है कि हद से ज्यादा आंखों का मेकअप आपकी आंखों की रोशनी को प्रभावित कर सकता है।

एक अध्ययन के मुताबिक, ज्यादा मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने वाली महिलाओं में से 40 प्रतिशत को आंखों से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। काजल का आंखों पर बुरा प्रभाव पड़ता है क्योंकि, आंखों के ऑयल ग्लैंड्स को ब्लॉक कर देता है। काजल या फिर आई लाइनर हमारे मेबोमियन ग्लैंड्स को ब्लॉक कर देता है। जिससे आईलिड यानी पलकों पर गांठें बन जाती हैं। हालांकि इनकी वजह से दर्द नहीं होता लेकिन यह हमारे विजन यानी देखने की क्षमता को प्रभावित करती हैं। मेबोमियन ग्लैंड डिसफंक्शन को ड्राई आई सिंड्रोम के नाम से भी जाना जाता है। अगर इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता तो स्थिति अधिक गंभीर हो सकती है। इससे ब्लेफरिटिस यानी धुंधला दिखने की समस्या हो सकती है। मेबोमियन ग्लैंड डिसफंक्शन या एमजीडी के मामलों की वजह अभी तक बढ़ती उम्र को माना जाता रहा है लेकिन अब ऐसा नहीं है और अब यह समस्या कम उम्र की महिलाओं को भी हो रही है। डॉक्टरों के मुताबिक, आईलाइनर और आंखों पर किया जाने वाला दूसरा कोई भी मेकअप मेबोमियन ग्लैंड्स को ब्लॉक कर देता है। ग्लैंड्स के ब्लॉक हो जाने पर ये ऑयल पैदा नहीं कर पातीं। कभी-कभी ऑयल गाढ़ा हो जाता जिससे गठान बन जाती हैं। एमजीडी ड्राई आई सिंड्रोम, ब्लेफैरिटिस और आंखों की रोशनी चले जाने समस्याओं की मुख्य वजह है। आंखों में ऐसे 40 ग्लैंड मौजूद होते हैं, जो ऑयल पैदा करते हैं, यही ऑयल आंसुओं के रूप में हमारी आंखों से निकलता है और नमी को बनाए रखता है। आईलाइनर और मस्कारा जैसे प्रोडक्ट्स में पाराबेन और यलो वैक्स का इस्तेमाल किया जाता है।

होंठों की खूबसूरती ऐसे निखारें

सुंदरता को निखारने मे होंठ अहम होते हैं पर अगर होंठ, फटे, खुरदरे होते हैं तो आप अच्छा अहसास नहीं करती है। ऐसे में कुछ उपाय कर आप अपने होंठों को भी खूबसूरत बना सकती हैं।

- आप प्रतिदिन कच्चे दूध का फेन लगाएं। होंठ कभी नहीं सूखेंगे, चमक बनी रहेगी।
- शुद्ध घी, मलाई या ग्लिसरीन की हल्की मालिश भी होंठों पर करें। टमाटर, नींबू एवं ग्लिसरीन रस का मिश्रण समान मात्रा में लगाने से होंठ नरम रहते हैं।
- यदि होंठ खुरदरे हों तो शहद एवं दूध लगाना चाहिए।
- प्रात- काल में पड़ी ओस की बूंदें लगाने से भी होंठ नरम रहते हैं।
- चंदन पीस कर मलाई में मिलाकर लगाने से होंठ मुलायम रहते हैं।
- फटे होंठ, बेबी आयल या पेट्रोलियम जेली के प्रयोग से ठीक हो जाते हैं।
- वहीं यदि आप के होंठ काले हों तो मलाई में नींबू रस की कुछ बूंदें मिलाकर लगायें या नींबू का छिलका धीरे-धीरे रगड़ें। कुछ दिनों में होंठ साफ हो जाएंगे।
- होंठों की लाली कायम रखने के लिए गुलाब की पंखुडियों को मसलकर, शहद या मक्खन में मिलाकर लगाना चाहिए।
- बाजार में अनेक प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन उपलब्ध हैं, परन्तु यह ध्यान रहे कि उत्तम गुणवत्ता के ही प्रसाधन खरीदें अन्यथा उसमें मिलाये गये रसायन होंठों को और भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।
- होंठों को रंगने बाजार में रोज नये-नये कास्मेटिक्स आ रहे हैं जिन पर पानी का असर नहीं होता-जैसे लिप कंटूर, जो कई शेड में आते हैं - रोज एस्पेड, रोज नेचुरल, रूज क्लासिक और ब्रून मस्केड इस्तेमाल कर सकती हैं।
- यदि आपने जरा सी सावधानी रखी तो आप के होंठ सदैव कोमल एवं आकर्षक रहेंगे तथा चेहरे की सुंदरता में और भी निखार आ जाएगा।

लिपस्टिक लाएगी बदलाव

- होंठों पर लगी लिपस्टिक व्यक्तित्व में काफी परिवर्तन ला देती है। पार्टी में जाते समय, अपने रंग-रूप, पहनावे तथा मूड के हिसाब से मैचिंग लिपस्टिक ही लगायें। दिन में हल्के एवं रात में गाढ़े रंग की लिपस्टिक लगानी चाहिए। अगर काम पर जाना हो तो प्रसाधन प्रयोग करते समय विशेष ध्यान देना चाहिए।
- यदि आप निम्न बातों का ध्यान रखती हैं तो अपनी प्रतिष्ठा सदैव कायम रख सकती हैं।

इन बातों का रखें ध्यान

- सोते समय सदैव लिपस्टिक साफ कर लें नहीं तो होंठों की चमक को नुकसान पहुंच सकता है।
- सुपारी या पान का सेवन कम से कम करें।

नारियल तेल से त्वचा को बनाये खूबसूरत

नारियल के तेल का इस्तेमाल करके आप आपनी त्वचा को कोमल और खूबसूरत बना सकती हैं। नमी बरकरार रखे अपनी त्वचा को कोमल और मुलायम रखने के लिए रोजाना नहाने के बाद बॉडी पर मॉइश्चराइजर की जगह नारियल के तेल से मालिश करें। नारियल के तेल में एसपीएफ भी मौजूद होता है इसलिए यह आपको सन बर्न से भी बचाता है।

- **कंडीशनर:** नारियल का तेल हमारी स्किन के साथ बालों के लिए भी बहुत लाभकारी होता है। अपने बालों को मुलायम और चमकदार बनाने के लिए नारियल के तेल को गर्म कर के अपने बालों में मालिश करें। इसके बाद अपने बालों को प्लास्टिक बैग या तौलिए की मदद से ढक लें। कुछ समय बाद बालों को धो लें।
- **लिप बाम:** रात को सोने से पहले अपने होंठों पर नारियल का तेल जरूर लगाएं। आप देखेंगे कि सुबह होने तक आपके होंठ बिल्कुल कोमल हो जाएंगे। आप दिन में भी लिप बाम की जगह नारियल के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- **मेकअप रिमूवर:** आपको शायद यह जानकर हैरानी होगी कि नारियल का तेल मेकअप छुड़ाने के लिए सबसे सस्ता और आसान उपाय है। नारियल के तेल से मेकअप साफ करने से आपकी स्किन से केमिकल पूरी तरह से साफ हो जाते हैं और साथ ही आपकी त्वचा मॉइश्चराइज भी होती है।
- **ग्लो:** अगर आप भी सर्दी में रुखी सूखी त्वचा के कारण घर से बाहर निकलने से कतराते हैं तो परेशान होना छोड़ दें। बल्कि घर से बाहर निकलने से पहले अपने चेहरे पर नारियल का तेल लगाएं। अगर आप अपनी त्वचा को थोड़ा ज्यादा ग्लोइंग बनाना चाहते हैं तो तेल में ब्रोंजर मिला कर के लगाएं।

लापरवाही बिल्कुल बर्दास्त नही की जावेगी बीस दिन में सब कुछ ठीक नही हुआ तो परिणाम होगे खराब .इच्छित गढपाले जिला सीईओ मुरैना

केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह

पोरसा। जनपद पोरसा के ग्राम पंचायत बरबाई में सभी तिरेपन पंचायतो के सभी इंन्जीनियर सचिव व सहायक सचिवो की बैठक रखी गई जिसमे नवागत आईएएस जिला सीईओ इच्छित गढपाले व जनपद सीईओ पोरसा व सरपंच रामनरेश शर्मा बरबाई सभी ने शहीद रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पार्क हॉल में मीटिग ली व सभी ग्रामीण बिकाश योजनाओ के बारे में सभी पंचायत सचिवो से जानना चाहा जिसकी बिधिबत जानकारी मॉगी जैसे आयुष्मान, कार्ड,नरेगा के कार्य, शौचालय व ग्रामीण बिकाश की अन्य योजानाये बारे मे सभी पूछताछ की जिनके कार्यो में कमी पाई गई उनकी जमकर क्लास ली और कडी चेताबनी देते हुऐ कहा ये नौ महीने का प्रतिशत किसी किसी पंचायत का 0 से 10 तक रहा है सभी का बेतन रोका जाये में और बीस दिन बाद दूसरी मीटिग लूगा अगर जिनके कार्यो में लापरबाही पाई गई तो बर्दास्त नही की जाबेगी अपने अपने कार्यो में लग जाब

नपेगे सहायक सचिव- सभी सहायक सचिवो को कडी चेताबनी देते हुऐ कहा है कि शौचालय व नरेगा में दो सौ पॉच सौ रूपये का लेन देन व फर्जी पेमेन्टो के बारे में कोई भी जानकारी मिलती है तो कार्यवाही निश्चित समझे मेरे संज्ञान में सुनने आरहा है कि कुछ पंचायतो में नरेगा के फर्जी पैमेन्ट हुये है व शौचालय बना नही है पैमेन्ट होगया इसकी भी जानकारी

करूगा अगर सही नही पाया गया तो नौकरी से अलग समझे सभी सही कार्य सुचारू रूप से करे जिसको जिसका लाभ मिलना है उसी को मिलना चाहिये और शिकायत मिली तो खैर नही और आयुष्मान कार्ड एक पुन्य का काम है इस पुन्य में जरूर भागीदारी कर गरीब असाह लोगो को कार्ड बनाकर लाभ जरूर पहुचाये.

संविधान संदेश पद यात्रा कल से होगी शुरू

हमारा संविधान दुनिया का सर्वश्रेष्ठ लिखित संविधान-कमलेश दोहरे

रघुवर दयाल गोहिया

सीहोर। सभी देश भक्त एवं संवधिान समर्थक संगठनों के संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में संघप्रिय कमलेश दोहरे के नेतृत्व में ग्यारह दिवसीय संविधान संदेश पद यात्रा का आयोजन 26 नवम्बर से 6 दिसम्बर तक किया जा रहा है।इस सम्बंध में बुधवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन रखा गया जिसमें यात्रा के संयोजक संघप्रिय कमलेश दोहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 नवम्बर को यह यात्रा सुबह 11 बजे गंज सीहोर स्थित बाबा साहेब अम्बेडकर पार्क से शुरू होगी। यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई जमोनिया रोड से दोराहा, अहमदपुर, चरनाल, श्यामपुर, चाँदबढ़ होते हुए पुन- नगर में 6 दिसम्बर शाम को प्रवेश करेगी। इसके बाद तहसील चौराहे से केण्डल मार्च के रूप में पुन- गंज सीहोर स्थित बाबा साहेब अम्बेडकर पार्क पहुंचेगी जहां समापन होगा।यात्रा

के मुख्य संयोजक एवं प्रभारी कमलेश दोहरे ने बताया कि भारतीय संविधान दुनिया का सर्वश्रेष्ठ लिखित संविधान है, जो भारत के सभी नागरिकों को अवसरों की समानता, सुरक्षा, अधिकार एवं न्याय प्रदान करता है। चाहे फिर व्यक्ति किसी भी धर्म या जाति का हो। श्री दोहरे ने आगे बताया कि भारत में सभी नागरिकों को अपनी स्वेच्छानुसार धर्म एवं संस्कृति का पालन करने का पूर्ण अधिकार है। संविधान द्वारा ही देश में असमानता, लिंग भेद आदि को समाप्त किया जा सका है। इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने संविधान पर गर्व होना चाहिए लेकिन हमारे देश में कुछ देश विरोधी लोग देश के भोले-भाले लोगों को संविधान के प्रति दुष्प्रचार कर गुमराह करने का काम कर रहे हैं। आपने देखा होगा कि कई बार संविधान की प्रतियां जलाई गई है एवं संविधान बदलने को लेकर योजनाबद्ध तरीके से समय-समय पर संविधान विरोधी बयान दिये जाते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि देश में संविधान को लेकर देशद्रोहियों द्वारा कोई बड़ा षड?ंत्र कर जनमत तैयार किया जा रहा है ताकि संविधान को आसानी से बदला जा सके। ऐसी मुश्किल परिस्थितियों में प्रत्येक सच्चे देशभक्त नागरिक का यह दायित्व है कि सविधान को सुरक्षित रख देश की एकता, अखण्डता एवं भाईचारा बनाए रखने और मजबूत भारत का निर्माण करने के लिए संविधान की सही व्याख्या एवं सच्चाई प्रत्येक भारतीय तक पहुँचाकर जागरूकता बढ़ाना अति आवश्यक है। ताकि संविधान का सही ज्ञान होने से प्रत्येक देशवासी देश विरोधी ताकतों को मुँह तोड़ जवाब दे सके। यह पद यात्रा पूरी तरह गैर राजनीतिक है, पद यात्रा में मुख्य संयोजक एवं यात्रा प्रभारी कमलेश दोहरे (संघप्रिय), पंकज शर्मा यात्रा सहसंयोजक, इन्द्रा भील यात्रा सहसंयोजक, घाटसिंह मेवाड़ा यात्रा सहसंयोजक, मनोज पाटीदार, यात्रा सहसंयोजक, शानू लाला यात्रा सहसंयोजक, नवीन भैरवे यात्रा मिडिया प्रभारी एवं अन्य ग्रमीण क्षेत्रों में व्यवस्थापक के रूप में 11 दिनों के अलग-अलग प्रभारियों की नियुक्ती की गई है जो इस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करेंगे।

वाओ विंग्स फोर ड्रीम्स का ग्रैंड फिनाले 27 नवंबर हो,कई हस्तियां होंगी सम्मिलित

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

सूरत- वाओ विंग्स फोर ड्रीम्स की डायरेक्टर मिसेज प्रीति जैन द्वारा टीन,मिस ऐंड मिसेज गुजरात 2022 एवं किंग एंड क्वीन ऑफ इंडिया 2022 (सीजन 3) जिसका ग्रैंड फिनाले सूरत के होटल प्रिव्या मै 27 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है।इस प्रतियोगिता में देश से 40 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।जो की अपनी प्रतिभा 26-17 नवंबर को सूरत में दिखाएंगे।प्रतिभागियों को सबसे पहले ग्रूमिंग सेशन दिया जाएगा।जिसमें उनको मॉडलिंग की बारीकियां एक्सपर्ट्स द्वारा सिखाया जाएगा।इसकी ट्रेनिंग जानी मानी एक्सपर्ट नीरजा कलावाटिया द्वारा दिया जाएगा।सभी प्रतिभागियों को कई चरणों से गुजरना होगा जिसमें ट्रेडिशनल वियर राउंड,इंट्रोडक्शन राउंड,टैलेंट राउंड,फिटनेस राउंड आदि शामिल हैं।इस सौंदर्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर तो मिलेगा ही साथ ही योग की शिक्षा भी एक्सपर्ट्स डिंपल द्वारा प्रदान की जाएगी।यह शो यश थरोट द्वारा निर्देशक किया जा रहा है।डिजाइनर में पूर्णिमा(मुंबई),मीरा उपाध्याय (भरूच),भरत मोदी(सूरत) उपस्थित रहेंगे।इस शो में कई सेलिब्रिटीज भी सरीक हो रहे रहे हैं।जिसमें प्रकाश वाघेला(साथ निभाना साथिया),चित्रा चटर्जी,आर्यन कुमार मौजूद रहेंगे।जजेज में प्रेम गड़ा,सलोनी जैन,सनी जैन उपस्थित होंगे।ग्रैंड फिनाले की शाम संगीतकार कृशी भावसर द्वारा भी प्रस्तुति दी जाएगी जो फिनाले की शाम को और मनोरंजक बनाएंगी।विशिष्ठ अतिथि के रूप में गोविंदा फाउंडर द लोकल कलाकार भी मौजूद रहेंगे।वहीं मीडिया पार्टनर के रूप में द हिन्द टुडे न्यूज के एडिटर अर्पित गुप्ता मौजूद रहेंगे।पार्टनर्स में प्रेशा क्रिएशन, सर्केवाल्याम संगीत क्लास,एस.के इंवेस्टमेंट्स,कुदरत फिल्म,फोटोग्राफर चिंतन मेहता आदि शामिल हैं।

खेलों में जरूरी है अनुशासन मोहन सिंह राठौर

खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा भितरवार में ब्लाक स्तरीय 'मुख्यमंत्री कप' खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भितरवार। प्रदेश में नई खेल प्रतिभाओं को खोज कर उन्हें उचित प्रशिक्षण देकर तराशने,आगे बड़ाने एवं खिलाड़ियों को अनेक अवसर प्रदान करने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कप के तहत ब्लॉक स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन भितरवार के दीनदयाल स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर , तहसीलदार शिवानी पांडेय , जनपद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी नारायण , शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी अध्यक्ष प्रदीप माहेश्वरी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। और उपस्थित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। वहीं मुख्यातिथि भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर ने बच्चों से कहा भारतीय जनता पार्टी और हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की यह एक अच्छी पहल है जिसमे हमारी खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया और ज्योतिरादित्य सिंधिया का योगदान है इस आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभाएं सामने आयेंगीं । खेलों में अनुशासन बहुत ही जरूरी है इसलिए आपको अपने प्रशिक्षक एवं गुरुओं के द्वारा बताए अनुशासन का पालन करना होगा तभी आप आगे बड़ेंगे । और उपस्थित खिलाड़ियों के द्वारा भाजपा नेता से खेल सामाग्री की मांग रखी । ब्लाक समन्वयक सीमा दुबे ने बताया की मुख्यमंत्री कप विकासखंड स्तर की प्रतियोगिताओं अन्तर्गत खो-खो, कब्बड्डी, वालीबॉल फुटबॉल, एथेलेटिक्स, कुश्ती में विकासखण्डों के 18 वर्ष से कम आयु के लगभग बालक-बालिका ने भाग लिया।

नगर पंचायत सकीट में आम आदमी पार्टी ने नगर निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्त्ओं के साथ की बैठक

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

एटा आगामी नगर निकाय चुनाव हेतु आम आदमी पार्टी द्वारा एटा जिले की सकीट नगर पंचायत में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला निकाय चुनाव प्रभारी संजीव कौशिक द्वारा की गई एवं कार्यक्रम संचालन जिला अध्यक्ष श्री सुरेश कुमार वर्मा जी द्वारा किया गया कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित स्थानीय नागरिकों से प्रत्याशियों के चयन के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आग्रह किया तथा प्रत्याशियों के चयन के लिए ट्रिपल सी फॉर्मूल दिया जिसके तहत जिस प्रत्याशी की बेदाग छवि कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं हुआ किसी भी प्रकार के करप्शन का चार्ज ना होने पर ही प्रत्याशियों

का चयन किया जाएगा कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला अध्यक्ष श्री सुरेश कुमार वर्मा जी ने वहा उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं अन्य नागरिकों को पार्टियों की नीति केजरीवाल जी के दिल्ली मॉडल को घर घर पहुंचाने के लिए आह्वान किया.कार्यक्रम के दौरान सकीट नगर पंचायत चुनाव प्रभारी श्री उदयवीर सिंह, किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्री मलखान सिंह, किशन लाल, बॉबी, योगेश कुमार, चंद्रभान सिंह, उमेश कुमार, मनीष कुमार, कुलदीप, संजीव कुमार, अनुज कुमार, अवधेश कुमार, प्रवेश कुमार, विवेक कुमार, राजपाल, राकेश कुमार, रामचंद्र, जय वीर सिंह, निक्की, करण सिंह, गिरंद सिंह आदि लोग मौजूद रह

ईश्वर को याद करने से घर परिवार में रहती है सुख शांति बीमारियां रहती हैं: बीके रेखा बहन

पोरसा। आजादी के 75 अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गांधीनगर आश्रम की संचालिका बीके रेखा बहन ने सत्संग में बताया कि दिव्य गुण मानव को ईश्वर के समीप ले आते हैं जबकि विकार अर्थात बुराइयां उसे ईश्वर से दूर ले जाते हैं और बता दे साथ में यह भी का अगर आपको देखना ही है तो हर एक की विशेषताएं देखिए अगर आपको कुछ छोड़ना ही है तो अपनी कमजोरियां छोड़िए आलसी व्यक्ति को आसान से आसान काम भी कठिन लगता है आलस्य ही मानव

जीवन की गति में रुकावट है प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गांधीनगर पोरसा के मुख्य सेवा केंद्र के माध्यम से ग्राम ओरेठी में सत्संग का आयोजन किया गया गिरीश शर्मा के द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया मुख्य रूप से उपस्थित रहे भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता लायंस क्लब महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना गुप्ता सुमन संध्या राय नूतन पवन शर्मा प्रियंका गीता सुमन कमला लक्ष्मी मुनेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे

राजपूत समाज ने नगर में निकाली वाहन रैली करणी सेना प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह हुए शामिल

पुष्पांजलि टुडे
रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह

सिरोंज । राजपूत समाज के द्वारा गुरुवार को नगर में विशालतम वाहन रैली निकाली गई जोकि कुरवाई रोड स्थित निजी प्रतिष्ठान से प्रारंभ होकर छतरी नाका कस्टम , कठाली, मुख्य बाजार, चांदनी चौक , कोटगेट लिंक रोड से होते हुए रोहिल पुरा चौराहे पर समाप्त हुई जिसमें मुख्य रुप से करणी सेना प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह सम्मिलित हुए जिन्होंने बताया कि 8 जनवरी 2023 को हमारे द्वारा भोपाल स्थित जंबूरी मैदान में 21 सूत्री मांगों को लेकर जन आंदोलन किया जाएगा जिसमें उन्होंने बड़ी संख्या में समाज जनों एवं संगठन पदाधिकारियों से भोपाल पहुंचने की अपील की इस दौरान जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह , जिला उपाध्यक्ष गोविंद चौहान , तहसील अध्यक्ष प्रदीप राजपूत, तहसील उपाध्यक्ष छगन सिंह राजपूत , नगर अध्यक्ष दीपेश राजपूत, संयोजक रिंकू राजपूत , संरक्षक अर्जुन सिंह तोमर , संरक्षक नवल सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में राजपूत समाज उपस्थित रही

फरार आरोपी गोहद चौराहा पुलिस की गिरफ्त में

मारपीट,तथा अवैध हथियार रखने के आरोप में था आरोपी फरार

मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे

गोहद।पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक , व एसडीओपी गोहद के निर्देशन में आज थाना गोहद चौराहे के अपराध क्रमांक 21/14 धारा 324,323,294,341,506,34 भादवि तथा अपराध क्रमांक 255/18 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट में फरार गिरफ्तारी आरोपी राजू तोमर पुत्र कल्लू तोमर उम्र 34 साल निवासी छीमका थाना गोहद चौराहा को आज ग्राम छीमका से गिरफ्तार कर आरोपी को माननीय न्यायालय गोहद में पेश किया गया ।

आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा, स उ नि अब्दुल समीम, प्रधान आर रामवीर तोमर की मुख्य भूमिका रही ।

रघुराज गुर्जर बने पिं. बर्ग मोर्चा के मौ मंडल अध्यक्ष

पवन विश्वकर्मा पुष्पांजलि टुडे

मौं। मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने अपनी टीम के साथ रघुराज गुर्जर को पिं बर्ग मंण्डल अध्यक्ष बनने पर दी बधाई बधाई देने मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने ग्राम रुपाबई कष्टहरण सरकार पर आयोजित कार्यक्रम में समस्त टीम के साथ स्वागत किया इस अबसर पर जिला मंत्री फरेन्द सिह सिकरवार रघुवीर पवेंया मर्जाद सिंह यादव जगत सिह कुशबाह बीरेन्द यादव फोजी किसान मौर्चा मंण्डल अध्यक्ष पर्वत सिंह जादौंन युवा मोर्चा मंण्डल अध्यक्ष राम यादव अनुं मौर्चा मंण्डल अध्यक्ष महेंन्द परिहार रामख्तयार गुर्जर राजू मिश्रा सुल्तान

मोर्य बकील यादव डां बेताल गौड शतीष परिहार हासिंम राईन रामकेश गुर्जर सोनू खांन संतोंष यादव मेहबूब खां अबदेश श्रीबास डां सुनील गोयल धर्मैन्द राणा नरेन्द तोमर गुहीसर अजय झां दीपक यादव सोमबीर सिबहरे बबली यादव रामपाल गुर्जर हनुमंत चोहान जीतेन्द राणा आगम जैंन दीपक यादव सत्यबीर कुशबाह संजू यादव फौजी रामनरेश कुशबाह सूरज खटीक आकाश साक्य हेमन्त बिस्वकर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा आईटी विभाग के जिला सह सयोंजक बनें ऋषि शर्मा

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर
अभिषेक कुशवाह

सिरोंज । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा व संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा के निर्देशनुसार आईटी विभाग के जिला संयोजक मनोज कुमार सोनी ने भाजपा के युवा नेता ऋषि शर्मा को भाजपा आईटी विभाग का जिला सह सयोंजक नियुक्त किया गया है। ऋषि शर्मा को जिला सह संयोजक नियुक्त होने पर उनके दोस्तो ने पुष्प माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाईया दी , एवं ऋषि शर्मा ने वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया

गोहद विधायक भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ पैदल चलकर सम्मिलित हुए

पुष्पांजली टुडे

गोहद। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही है, यह भारत जोड़ो यात्रा 36 सौ किलोमीटर का सफर पूरा करेगी। इस यात्रा ने अव तक दो हजार किलोमीटर का सफर पूरा कर लिया है और इन दिनों यह यात्रा मध्यप्रदेश से निकल रही है इस यात्रा में कांग्रेस पार्टी के मध्य प्रदेश के नेता गण कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ पैदल चल रहे हैं इसी क्रम में बुधवार को गोहद विधायक मेवाराम जाटव राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में बोदरली से बुरहानपुर तक 25 किलोमीटर पैदल चले। इस यात्रा में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह, मध्य प्रदेश के प्रभारी जेपी अग्रवाल, गोहद विधायक मेवाराम जाटव राहुल गांधी के के साथ बोदरली से बुरहानपुर तक साथ-साथ चले। बुधवार को यह यात्रा बुरहानपुर पहुंची और बुरहानपुर में भारत जोड़ो यात्रा सभा में परिवर्तित हो गई।

तालाब बनाने के नाम पर हो रही औपचारिकताएं अप्रैल में बनाया गया तालाब और आज हो रही बोनी

सिरोंज । प्रदेश के मुखिया बार-बार प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन धरातलीय हकीकत कुछ और ही बयान कर रही है इसी प्रकार का एक मामला ग्राम पंचायत अनूपपुर स्थित खेत तालाब देखने को मिला जिसमें खेत तालाब बनाने के नाम पर सिर्फ औपचारिकता कर दी , यह इस प्रकार का सिर्फ एक मामला नहीं है यदि प्रशासन इस ओर सक्रियता दिखाएं तो अनेकों इस प्रकार के मामले प्रकाश में आ सकते हैं ग्राम पंचायत अनूपपुर मैं निजी खेत में खेत तालाब की स्वीकृति हुई थी जिसमें अधिकारिक मिलीभगत के चलते औपचारिकता करके खेत तालाब की पूर्ति कर दी गई जबकि हकीकत स्पष्ट तौर पर बता रही है कि यहां सिर्फ तालाब बनाने के नाम पर औपचारिकता हुई है जबकि वहां तालाब जैसा कुछ भी नहीं है साथ

ही यदि वर्तमान हालातों की ओर ध्यानाकर्षण किया जाए तो उपरोक्त स्थान पर आपको गेहूं की बोनी देखी जा सकती है अभी भी बड़ा प्रश्न जन्म लेता है कि ऐसी परिस्थिति में उपरोक्त तालाब का वैल्यूएशन कैसे हुआ हुआ इन सभी विषयों को स्पष्ट करने के लिए जब संबंधित इंजीनियर से संपर्क करना चाहा तो संपर्क नहीं हो सका , एवं इसी विषय को लेकर संबंधित ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक से बात की गई तो उनका कहना था कि उनके द्वारा तालाब तो बनाया गया था लेकिन तेज बारिश के कारण एक तरफ की पार फूट गई, जिसका निर्माण मार्च अप्रैल माह में किया गया था साथ ही संबंधित के द्वारा और काम करवाने की बात कही जा रही है अभी उनका पेमेंट एक सवा लाख हुआ है शेष पेमेंट अभी नहीं हुआ है

औकात-सेवक और विश्वसनीयता

गुजरात विधानसभा के चुनाव का प्रचार अंतिम चरण में है। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कहना, मेरी कोई औकात नहीं,मैं जनता का सेवक हूं,गुजरात का नमक देश के 80 फीसदी लोग खाते हैं, कुछ लोग राज्य का नमक खाकर भी गुजरात को गाली देते हैं। ऐसा कहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव अभियान को नई धार देते हुए, एक बार फिर गुजरात के मतदाताओं से लगाव पैदा करने और विपक्षी दलों को मात देने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी विभिन्न रैलियों और चुनावी भाषण में कांग्रेस पर हमला करते हुए, पिछले चुनाव के दौरान भावात्मक रूप से मतदाताओं को जोड़ने के लिए, नीच आदमी, मौत का सौदागर, नाली का कीड़ा जैसे शब्दों का उपयोग कर एक बार फिर मतदाताओं का विश्वास जीतने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। निश्चित रूप से गोधरा कांड के बाद नरेंद्र मोदी की छवि एक हिंदू नेता के रूप में बनी थी। हिंदुत्व के नाम पर उन्होंने गुजरात और देश के एकमात्र नेता बनकर, मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री पद का लंबा सफर तय किया है। गुजरात में 2002 के बाद से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और गौ रक्षक के साथ-साथ हिंदुत्व के सबसे बड़े नेता के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखा जाता था। गुजरात में विश्व हिंदू परिषद,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बजरंग दल की कोई भी गतिविधियां 2014 तक शून्यवत हो गई थी। अकेले मोदी ही थे, जिनके नाम पर पूरा गुजरात एक स्वर में वही बोलता था, जो मोदी जी चाहते थे।

2013-14 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे बड़े हिंदू आइकॉन, गुजरात मॉडल और विकास पुरुष के नाम पर जो छवि जनता के बीच में बनाई गई थी। वह 2018-19 तक विश्वसनीयता के साथ आम जनता के बीच में बनी हुई थी।

पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से आर्थिक एवं राजनीतिक समीकरण बने हैं। भारतीय जनता पार्टी का संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नेपथ्य में चला गया है। सत्ता और संगठन के समीकरण केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के इर्द-गिर्द बने हुए हैं।पिछले 2 वर्षों में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक विषमता के कारण एक विकास पुरुष के रूप में जो छवि प्रधानमंत्री मोदी की बनी हुई थी उसमें कहीं ना कहीं अविश्वास पैदा हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरीके से भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार के पीछे पैदल चलते हुए दिखाई पड़ते हैं। पिछले वर्ष वो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बॉडी लैंग्वेज और उनके राजनीतिक, प्रशासनिक एवं संगठन के निर्णयों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्णय ही सर्वोपरि होता है।

कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री ने औकात शब्द का जो इस्तेमाल किया था। वह सरदार पटेल स्टेडियम का नाम बदलकर नरेंद्र मोदी के नाम पर करने, तथा गुजरात निर्माण का श्रेय नरेंद्र मोदी के नाम पर करने की जो कोशिश हो रही थी। उसको लेकर उन्होंने महात्मा गांधी और सरदार पटेल का उल्लेख करते हुए, औकात शब्द का उपयोग किया था। पिछले 27 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी का शासन गुजरात में है। 2014 का लोकसभा चुनाव गुजरात मॉडल पर सारे देश में लड़ा गया था। जिस गुजरात मॉडल की तस्वीर दिखाई गई थी।उस तस्वीर के विपरीत 27 सालों के शासन के बाद बाद गुजरात वर्तमान में दिख रहा है। इसके जवाब में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली मॉडल पेश करके,नई चुनौती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा संगठन को दी।

अपनी ही सरकार को असहज करते भाजपाई

उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने राज्य में नेता प्रतिपक्ष रहे प्रीतम सिंह द्वारा मंहगाई, भ्र्ष्टाचार, बेरोजगारी,अपराध बढ़ोतरी आदि मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए सचिवालय कूच कार्यक्रम को लेकर उन्होंने बधाई दी है,हालांकि उन्होंने कहा कि प्रीतम सिंह यह कार्यक्रम कांग्रेस में स्वयं का अस्तित्व बचाने के लिए कर रहे है,न कि भाजपा के खिलाफ।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की इस नासमझी पर भाजपा के लोग ही असहज है।भला बेरोजगारी, भ्र्ष्टाचार, अपराध बढ़ोतरी,महंगाई मुद्दे पर हो रहा कार्यक्रम सरकार के खिलाफ कैसे नही होगा,ओर इसे कांग्रेस नेता के अस्तित्व से कैसे जोड़ा जा सकता है।वही इन्ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा सरकार के पूर्व मुख्यमंत्रियों तीरथ सिंह रावत व त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा राज्य में कमीशन करप्शन को लेकर उठाई गई आवाज का समर्थन करके भी अपनी ही पार्टी व सरकार को असहज किया है।

भाजपा के कद्दावर नेता एवं हरिद्वार विधायक मदन कौशिक से प्रदेश भाजपा की कमान लेकर महेंद्र भट्ट को सौंपना भाजपा के कार्यकर्ताओं को भी रास नही आ रहा है।महेंद्र भट्ट ऐसा कुछ नया नही कर पाए ,जो मदन कौशिक न कर पा रहे हो।पहाड़ व मैदान वाद की भेंट चढ़े मदन कौशिक जहां इन दिनों भाजपा में उपेक्षित है,वही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनके उत्तराधिकारी महेंद्र भट्ट संगठन में न तो गुटबाजी को दूर कर पाए है और न ही स्वयं की सर्व स्वीकार्यता को सिद्ध कर पाए है।सच पूछिए तो पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक के इर्द गिर्द ही भाजपा का संगठन समाहित है।चाहे किसी नेता या फिर कार्यकर्ता की भाजपा में ज्वाइनिंग हो या फिर उसे दायित्व से नवाजना हर मामले में संगठन से कही आगे निशंक खड़े नज़र आते है।डॉ निशंक की विश्वास पात्र डॉ कल्पना सैनी का राज्यसभा तक पहुंचना,भाजपा में प्रदेश व जनपद स्तर पर हुई नियुक्तियों में भी सबसे ज़्यादा संख्या निशंक समर्थकों की है।डॉ निशंक ही एक तरह से उत्तराखंड भाजपा को थामे हुए है।ऐसे में महेंद्र भट्ट उनके सामने स्वतः ही कमजोर नज़र आ रहे है।जिसे संगठन हित मे उचित नही कहा जा सकता ।उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट वह नेता हैं जब भाजपा को उत्तराखंड में 47 सीटों के साथ बंपर मैंडेट मिला तब भी वह चमोली जिले की बदरीनाथ विधानसभा सीट गंवा बैठे थे। इसके बावजूद भाजपा ने महेंद्र भट्ट को उत्तराखंड भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाकर यह संदेश दिया कि भाजपा जिसे चाहे नेता बना सकती है और उसके लिए हार जीत कोई मायने नही रखती।यही स्तिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भी रही वे मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए चुनाव हार गए थे। तब भी बीजेपी हाईकमान ने हार के बावजूद पुष्कर सिंह धामी को फिर से मुख्यमंत्री बना दिया था।इसी कारण पार्टी के वे लोग जो बंपर वोटो से जीत कर आए, लेकिन उन्हें कोई महत्वपूर्ण दायित्व नही मिल पाया,अंदर ही अंदर भाजपा हाई कमान से नाराज़ है और धामी सरकार को अस्थिर करने में अपनी अपत्यक्ष भूमिका निभा रहे है।भाजपा की चौकाने वाली कार्यशैली पर गौर करे तो जुलाई 2021 में जब तीरथ सिंह रावत मुख्यमंत्री पद से हटाए गए थे तो चाणक्य राजनीति के पंडित रमेश पोखरियाल निशंक, धन सिंह रावत, सतपाल महाराज, अजय भट्ट के नाम की चर्चा मुख्यमंत्री पद के लिए हो रही थी, धन सिंह रावत तो खुद भी इतने उत्साहित हो गए थे कि अघोषित रूप से लोग उन्हें ही मुख्यमंत्री मानने लगे थे। इन सारे कयासों को धता बताते हुए बीजेपी हाईकमान ने पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री बनाकर सबको चौंका दिया था। खुद पुष्कर सिंह धामी ने कहा था कि उन्हें कतई भी अनुमान नहीं था कि वह सीएम बनने जा रहे हैं।अब फिर वही हालत बदहाल हुई राज्य व्यवस्था के बीच देखने को मिल रही है।कभी मंत्रिमंडल विस्तार की खबरें सामने आती है,तो कभी प्रेमचंद अग्रवाल व चंदन दास की मंत्री मंडल से छुट्टी होने के संकेत मिलते है तो कभी नेतृत्व परिवर्तन की ही हवा बहने लगती है।लेकिन होता कुछ नही।ऐसे में सच क्या है,यह तो कहना मुश्किल है।लेकिन अगर राजनीति में मुद्दा उठता है तो हलचल भी जरूर होगी।इस सच को स्वीकार ही किया जाना चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अपनी कुल संपत्ति 1.3 करोड़ रुपये घोषित की हुई है, इसमें 42 लाख रुपये की चल संपत्ति और 85.7 लाख रुपये की अचल संपत्ति शामिल है।महेंद्र भट्ट पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं हैं। बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेंद्र भट्ट उत्तराखंड भारतीय युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं।उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2022 के में महेंद्र भट्ट को बद्रीनाथ विधानसभा सभा सीट से हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें कांग्रेस के राजेंद्र सिंह भंडारी ने करारी शिकस्त दी थी। इस चुनाव में राजेंद्र सिंह भंडारी ने 32 हजार 661 वोट हासिल किया था। वहीं महेंद्र भट्ट को 30,595 वोट मिले थे। इस चुनाव में उन्हें 2,066 वोटों से हार का मुंह देखना पड़ा था। हालांकि राजेंद्र सिंह भंडारी को सन 2017 के विधानसभा चुनाव में महेंद्र भट्ट ने हरा दिया था। इस चुनाव में भट्ट को 29 हजार 676 वोट मिले थे, जबकि राजेंद्र को 24 हजार 42 वोट मिले थे।उन्हें 5634 वोटों से हार मिली थी।बहरहाल हारजीत के इस गणित को भी छोड़ दे तो महेंद्र भट्ट प्रदेश स्तर पर अभी अपनी वह पकड़ नही बना पाए जो एक प्रदेश अध्यक्ष के लिए जरूरी है।उनसे संगठन को अलग कर दे तो वे आमजन पर कोई ज्यादा प्रभाव नही डाल पाएंगे।हालांकि भाजपा अधिकांश ऐसे ही लोगो को आगे लाती है,जो जनसामान्य में ज्यादा चर्चित न हो।इससे भाजपा को नकारात्मकता का नुकसान कम होता है और वह अपनी साख के बलबूते कमजोर नेता को भी मुख्य धारा में लाकर खड़ा कर देती है।इस वास्तविकता के अनेक उदाहरण है,उत्तर प्रदेश में एक अनजान पुराने कार्यकर्ता राम प्रकाश गुप्ता को मुख्यमंत्री बना देना,हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर, उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी ऐसे ही उदाहरण है,जो अचानक बगैर प्रभाव के मुख्यमंत्री बनाए गए।भाजपा संगठन में भी इस तरह के प्रयोग करती रही है।अनेक ऐसे कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष तक रह चुके है जिनकी आमजन में पकड़ न के बराबर रही है। तभी तो हम कह सकते है कि महेंद्र भट्ट की पकड़ भले ही सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र तक हो और उसमें भी कभी हार कभी जीत का स्वाद उन्होंने चखा हो,लेकिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में वे समूचे उत्तराखंड में अपनी पकड़ बनाने में कम से कम अभी तक तो कामयाब नही हुए है।इनसे बेहतर तो मदन कौशिक ही थे जिनकी पकड़ कल भी थी,आज भी है और शायद कल तक भी रहे।

(लेखक राजनीतिक चिंतक व वरिष्ठ पत्रकार है)

(चिंतन-मनन) बद्धजीव का कर्मक्षेत्र

अर्जुन प्रकृति, पुरुष, क्षेत्र, क्षेत्रज्ञ, ज्ञान तथा ज्ञेय के विषय में जानने का इच्छुक था। जब उसने इनके विषय में पूछा तो कृष्ण ने कहा कि यह शरीर क्षेत्र कहलाता है और इस शरीर को जानने वाला क्षेत्रज्ञ है। यह शरीर बद्धजीव के लिए कर्म-क्षेत्र है। बद्धजीव इस संसार में बंधा हुआ है और वह भौतिक प्रकृति पर अपना प्रभुत्व प्राप्त करने का प्रयत्न करता है। इस प्रकार प्रकृति पर प्रभुत्व दिखाने की क्षमता के अनुसार उसे कर्म-क्षेत्र प्राप्त होता है। यह कर्म-क्षेत्र शरीर है। और यह शरीर क्या है? शरीर इन्द्रियों से बना हुआ है। बद्धजीव इन्द्रियतृप्ति चाहता है, और इन्द्रियतृप्ति को भोगने की क्षमता के अनुसार ही उसे शरीर या कर्म-क्षेत्र प्रदान किया जाता है। इसीलिए बद्धजीव के लिए शरीर क्षेत्र अथवा कर्मक्षेत्र कहलाता है। जो व्यक्ति अपने को शरीर मानता है, वह क्षेत्रज्ञ कहलाता है। क्षेत्र तथा क्षेत्रज्ञ अथवा शरीर और शरीर के ज्ञाता (देही) का अन्तर समझ पाना कठिन नहीं है। कोई भी व्यक्ति सोच सकता है कि बाल्यकाल से वृद्धावस्था तक उसमें अनेक परिवर्तन होते रहते हैं, फिर भी वह व्यक्ति वही रहता है। इस प्रकार कर्म-क्षेत्र के ज्ञाता तथा वास्तविक कर्म-क्षेत्र में अन्तर है। एक बद्धजीव जान सकता है कि वह अपने शरीर से भिन्न है। बताया गया है कि जीव शरीर के भीतर है और यह शरीर बालक से किशोर, किशोर से तरुण तथा तरुण से वृद्ध के रूप में बदलता जाता है और शरीरधारी जानता है कि शरीर परिवर्तित हो रहा है। स्वामी स्पष्टत- क्षेत्रज्ञ है। कभी-कभी हम सोचते हैं। मैं सुखी हूं, मैं पुरुष हूं, मैं स्त्री हूं। यह ज्ञाता की शारीरिक उपाधियां हैं, लेकिन ज्ञाता शरीर से भिन्न होता है।

अब कांग्रेस की जगह आप ने लेली

कुदरत का यह नियम अब भारतीय राजनीति में लागू हो रहा है, जिसमें कहा गया है कि 'जो जन्मदाता होता है, वहीं मानव जीवन का अंतिम सत्य होता है।' यद्यपि यह बात परमपिता परमेश्वर के बारे में कहीं गई है, किंतु भारतीय राजनीति में अब यह उक्ति कांग्रेस पर चरितार्थ हो रही है, क्योंकि नेहरू परिवार ने कांग्रेस को करीब 135 साल पहले जन्म दिया था और अब नेहरू खानदान की पांचवी पीढ़ी उसे खत्म करती नजर आ रही है। इस दौरान भारत की आजादी के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आजादी हासिल करने तक की कांग्रेस की भूमिका अहम् रही, किंतु नेहरू खानदान की तीसरी पीढ़ी इंदिरा जी के बाद इस पार्टी में नेतृत्व का संकट पैदा हो गया और अब वह संकट पांचवी पीढ़ी (राहुल गांधी) तक आते-आते ''महासंकट'' बन गया और आज यह देश का सबसे पुराना राजनीतिक दल तोड़ने की स्थिति में आ गया है और ऐसा लगता है कि आगामी कुछ ही वर्षों में इसका वजूद ही खत्म हो जाएगा।

जिस तरह जवाहर लाल नेहरू के प्रधानमंत्रित्व काल के अंतिम दिनों में यह सवाल उठाया जा रहा था कि ''नेहरू के बाद कौन?'' उसी तरह अब भारतीय राजनीति में आज अहम् सवाल यही उठाया जा रहा है कि ''कांग्रेस के बाद कौन?'' यद्यपि नेहरू के बाद इंदिरा ने भी सत्रह वर्षों तक दबंगाई से इसी पार्टी की छत्रछाया में देश पर राज किया, किंतु जिस तरह पं. नेहरू ने इंदिरा जी को राजनीति की प्रायोगिक शिक्षा दी थी, उस तरह इंदिरा जी अपने बेटे राजीव को राजनीति की प्रायोगिक शिक्षा नहीं दे पाई और संसार से उन्हें विदा कर दिया गया, इसलिए पहली बार कांग्रेस की कमान गैर अनुभवी हाथों में पहुंच गई और वहीं से उसकी अंतिम यात्रा की तैयारी भी शुरू हो गई राजीव के जाने के बाद उनकी पत्नी जो विदेशी महिला है, उन्होंने अनुभव नहीं रहने के बाद वरिष्ठ नेताओं के सहयोग से दो दशक से भी अधिक समय तक कांग्रेस को चलाया, बाद में इस प्रमुख दल का अवसान शुरू हो गया, क्योंकि राहुल गांधी इसे संभाल नहीं पाए और वरिष्ठ कांग्रेसी या तो ऊपर चले गए या उन्होंने अपना डेरा अलग जमा लिया, फलस्वरूप कांग्रेस सिर्फ सोनिया-राहुल तक ही सिमट कर रह गई और अब कुशल नेतृत्व के अभाव में यह मृत्युशैया पर पड़ी अंमि सांस लेने को मजबूर है और कभी भी इसके नाम के सामने 'स्वर्गीय' या 'पूर्व' लग सकता है।

कॉंग्रेस की इस दुरावस्था को देख समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी आदि कई दलों ने कांग्रेस का स्थान लेने की कौशिश की, किंतु वे अपने प्रयासों में सफल नहीं हो पाए और अपने क्षेत्र विशेष में ही सिमट कर उन्हें रहना पड़ा, किंतु अब अपनी बाल्यावस्था के दौर से गुजरते हुए कई राजनीतिक शौर्य दिखा चुकी 'आम आदमी पार्टी' कांग्रेस का स्थान लेने के काफी निकट है, दिल्ली में एक गैर-राजनीतिक आंदोलन के बाद जन्मी यह पार्टी कुछ ही अंतराल में दिल्ली पर राज करने लगी और फिर पंजाब के शासन पर भी कब्जा कर लिया, अब उसकी अगली निकटवर्ती नजर गुजरात और गोवा पर है, गुजरात विधानसभा चुनाव और उससे पहले हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान इसके प्रचार का दौर काफी जोरदार रहा और अब वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह प्रदेश गुजरात में उनकी आंखों की किरकिरी बनी हुई है, गुजरात में प्रमुख प्रतिपक्षी दल के रूप में प्रधानमंत्री जी की मान्यता के बाद तो ऐसा लगने लगा कि एक राष्ट्रीय दल की मान्यता नहीं मिलने के बाद भी 'आप' सबका 'बाप' बनने की कौशिश कर रही है। ....और कोई आश्चर्य नहीं होगा यदि इसे कांग्रेस की जगह मुख प्रतिपक्षी दल का 'तमगा' हासिल भी हो जाए? क्योंकि अब इसके जन्मदाता दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पूरे देश के राज्यों में 'आप' की स्थापना का संकल्प जो ले लिया है, इसलिए फिलहाल तो यही लग रहा है कि 'आप' शीघ्र ही मुख्य प्रतिपक्षी दल का 'ओहदा' ग्रहण कर लेगी।

पांच लाख करोड़ डालर की भारतीय अर्थव्यवस्था ग्रामीण विकास के सहारे ही बनेगी

आज विश्व के लगभग सभी विकसित एवं विकासशील देश आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। इन समस्त अर्थव्यवस्थाओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर एक चमकते सितारे के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था में लगातार तेज गति से हो रहे सुधार के चलते आज भारत का नाम पूरे विश्व में बड़े ही आदर और विश्वास के साथ लिया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक फण्ड एवं विश्व बैंक जैसी वित्तीय संस्थाएं भी भारतीय अर्थव्यवस्था में अपनी अपार श्रद्धा जता चुकी हैं। इन वित्तीय संस्थानों का कहना है कि भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास बहुत ही मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए 6 विकास सूचक उच्च मानक वाले माने जाते हैं। इन विकास सूचकों में शामिल हैं - ट्रैक्टर एवं दोपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि, उर्वरकों की बिक्री में वृद्धि, कृषि क्षेत्र में बैकों द्वारा प्रदान की जाने वाली ऋणराशि में वृद्धि, मनरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार की मांग में वृद्धि, कृषि और कृषि आधारित उत्पादों के निर्यात में वृद्धि और चावल एवं गेहूं का भंडारण करने की स्थिति (बफर मानक पर आधारित)। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में वित्तीय वर्ष 2022-23 के पहिले 6 माह के दौरान उक्त समस्त उच्च मानकों में वृद्धि दर बहुत अधिक रही है। जनवरी से सितम्बर 2022 की अवधि के दौरान 5.16 लाख ट्रैक्टर भारत में बेचे गए हैं। सितम्बर 2022 माह में ही कुल 53,310 ट्रैक्टर भारत में बिके हैं। इस मानक के अनुसार भारत के ग्रामीण इलाकों में खुशहाली आ रही है। इसी प्रकार, अप्रेल से सितम्बर 2022 की अवधि के दौरान कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं के निर्यात में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है तथा इसी अवधि के दौरान प्रसंस्कृत फलों और सब्ज़ियों के निर्यात में 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। चालू वित्त वर्ष के पहिले छह माह में कृषि क्षेत्र में कुल निर्यात 1377.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कुल कृषि निर्यात का लक्ष्य 2356 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निर्धारित किया गया है। इसी अवधि में दलहन के निर्यात में सबसे अधिक 144 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उक्त वर्णित समस्त मानकों के अंतर्गत भारत के ग्रामीण इलाकों में तेज गति से हो रही वृद्धि दर को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक शुभ संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार भारत की 74 प्रतिशत आबादी गावों में निवास करती थी और गावों की आबादी का दो तिहाई हिस्सा सीधे ही कृषि कार्यों से जुड़ा था। भारत के कृषि क्षेत्र में होने वाले कुल कार्य में से 96 प्रतिशत कार्य ग्रामीण इलाकों में ही होता है। भारत के विभिन्न राज्यों में आज भी 60 से 80 प्रतिशत जनसंख्या अपनी आजीविका के लिए सीधे ही कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। हालांकि हाल ही के समय में ग्रामीण इलाकों में निवास करने वाले नागरिकों के लिए कृषि के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों जैसे सेवा एवं विनिर्माण के क्षेत्रों में भी रोजगार के बहुत अवसर निर्मित होने लगे हैं। ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे किसानों में 72 प्रतिशत किसान सीमांत किसानों की श्रेणी में आते हैं। इस वर्ग के लिए कृषि क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर निर्मित करने के प्रयास किए जा रहे हैं और इस कार्य में सफलता भी मिलती दिखाई दे रही है। आज भारत में विनिर्माण के क्षेत्र में, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों में, हो रही समस्त गतिविधियों में से लगभग 40 से 50 प्रतिशत गतिविधियां ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही हैं एवं सेवा क्षेत्र में हो रही कुल गतिविधियों में से लगभग 30 प्रतिशत गतिविधियां ग्रामीण इलाकों में चल रही हैं। ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिकों के लिए स्वयं सहायता समूह भी विकसित किए गए हैं और रोजगार के अधिकतम नए अवसर अब गैर कृषि आधारित क्षेत्रों में निर्मित हो रहे हैं।

भारत में शहरी एवं ग्रामीण इलाकों के बीच अब डिजिटल विभाजन भी बहुत कम हो गया है। भारत के ग्रामीण इलाकों में भी अब इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इससे सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संस्थानों को बहुत आसानी हो रही है और वे अपने कॉल सेंटर ग्रामीण इलाकों में स्थापित करने लगे हैं क्योंकि एक तो भारत का 70 प्रतिशत वर्क फोर्स ग्रामीण इलाकों में उपलब्ध है, दूसरे ग्रामीण इलाकों में कॉल सेंटर स्थापित करना तुलनात्मक रूप से कम खर्चीला रहता है और इससे इन संस्थानों की लाभप्रदता बढ़ जाती है। एपेडा द्वारा जारी की गई एक जानकारी के अनुसार भारत से इस वर्ष अभी तक कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं का निर्यात 25 प्रतिशत बढ़ा है। ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक अब केवल खेती करके फसल ही नहीं उगा रहे हैं बल्कि कृषि पदार्थों को प्रसंस्कृत कर खाद्य पदार्थों के रूप में भी बेच रहे हैं। पहिले ग्रामीण इलाकों से कृषकों को अपनी फसल बेचने के लिए गांव से शहर तक आने में 6 से 7 घंटे लग जाते थे अब केवल 20 से 25 मिनट में ही अपने गांव से शहर तक पहुंच जाते हैं क्योंकि प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 70 प्रतिशत से अधिक गावों को शहरों से पक्के रोड के माध्यम से जोड़ा जा चुका है। देश में 6 लाख से अधिक गांव हैं। इसका लाभ सीधे सीधे ही किसानों को मिला है और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत हुई हैं। एक अनुमान के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था को 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के लिए सेवा क्षेत्र का योगदान 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का होगा, उद्योग क्षेत्र का योगदान एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का होगा एवं शेष एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का योगदान कृषि क्षेत्र से आएगा। भारत की राष्ट्रीय आय में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की 46 प्रतिशत की भागीदारी है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान लगातार बढ़ रहा है। आज भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान बढ़कर 20 प्रतिशत से अधिक हो गया है जबकि अभी भी गावों में निवासरत कुल आबादी का दो तिहाई हिस्सा कृषि कार्यों से जुड़ा है। इसी प्रकार हाल ही के समय में भारत में ग्रामीण पर्यटन भी तेज गति से बढ़ रहा है क्योंकि भारत के शहरों में पर्यावरण की स्थिति दिनोंदिन बहुत बिगड़ती जा रही है एवं भारत के ग्रामीण इलाकों में पर्याप्त हरियाली के चलते साफ हवा उपलब्ध है। इसलिए ऑक्सिजन ग्रहण करने के उद्देश्य से कई भारतीय अब ग्रामों की ओर रूख कर रहे हैं। विशेष रूप से जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, ओडिसा एवं केरला जैसे प्रदेशों में ग्रामीण पर्यटन तेजी से प्रगति कर रहा है। भारत में सांस्कृतिक पर्यटन विकसित करने की भी अच्छी सम्भावनाएं मौजूद हैं, अतः इस क्षेत्र में भी केंद्र सरकार एवं कई राज्य सरकारों द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस क्षेत्र में नीति आयोग भी अपनी सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है।

भारत में आज ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिकों की आय में लगातार अच्छी वृद्धि दृष्टिगोचर है। इससे भारत के ग्रामीण इलाके आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित होते जा रहे हैं। कई कम्पनियां अब अपने उत्पादों के 10/20 ग्राम की पैकिंग के छोटे छोटे पैक ग्रामीण इलाकों में उपलब्ध करा रही हैं इससे उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री में अतुलनीय सुधार देखने में आ रहा है। उदाहरण के लिए, शेम्पु के छोटे पेकेट जिन्हें केवल एक बार उपयोग करके समाप्त किया जा सकता है, ग्रामों में बहुत ही सस्ती दरों पर एफएमजीसी कम्पनियों द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है, इससे इस तरह के उत्पादों की मांग ग्रामीण इलाकों में बहुत बढ़ गई है और इस तरह से एफएमजीसी कम्पनियों को गावों के रूप में एक विशाल नया बाजार उपलब्ध हो गया है।

मनरेगा योजना के अंतर्गत भी ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं एवं इससे गावों में निवास कर रहे नागरिक बहुत मजबूत हुए हैं।

छिन्न जाता बचपन

रहते सबको याद बचपन के दिन,
कई बिताते तारे गिन गिन,
सिर पर नहीं जिनके मां-बाप का साया,
खाता फटकार नहीं बनता सरमाया,
दर- दर की ठोकरें वे हैं खाते,
जीवन सुकून भरा नहीं बिताते,
कैसे करेंगे पूरे स्वप्न,
कई बच्चों का छिन्न जाता बचपन।
तन पर नहीं कपड़े नहीं पैरों में जूते,
बिताते जिंदगी अपने ही बलबूते,
हो तपती सड़क चाहे रेत,
करते काम जमीदारों के खेत,
कांटो से होते पैर छलनी,
लंबा है सफर खुद राह चलनी,
कर्म की होती कैसी अनबन,
कई बच्चों का छिन्न जाता बचपन।
लोग इनसे भीख मंगवाते,
कई अपंग इनको बनवाते,
कच्ची मिट्टी के ये पुतले,
जैसा चाहे वैसे मुड़ ले,
असभ्य भाषा में इनसे बात जो करते,
दहशत से जीवन में डरते,
कोसों दूर है इनसे दर्पण,
कई बच्चों का छिन्न जाता बचपन।
कई बच्चे बीनते कबाड़,
जीवन में बड़ी उथल-पुथल सी बाढ़,
हुए नाराज लगता खेल- खिलौने,
भाग्य ने लिखा फिर भी सिलौने,
दिखेंगे ढाबे पर जूठे बर्तन मांजते,
उतार-चढ़ाव का बचपन से खेल जानते,
उठाते हैं बोझा कोमल है गर्दन,
कई बच्चों का छिन्न जाता बचपन।
कुछ छोटी सी उम्र में बन जाते मैकेनिक,
कंधों पर भाई -बहन का बोझ दैनिक,
किताबें तक इनको नहीं होती नसीब,
लगती है इनको दुनिया बड़ी ही अजीब,
आओ हाथ बढ़ाएं जीवन इनका संवारे,
बनकर फरिश्ते इनकी प्रतिभा उबारें,
इनके भविष्य को करें कुछ अर्पण,
कई बच्चों का छिन्न जाता बचपन।

- डॉ विनोद कुमार शर्मा
चंडीगढ़।

फोटोशूट के लिए माहिरा शर्मा ने पहनी इतनी छोटी ड्रेस, चलाया हुस्न का जादू

एक्ट्रेस माहिरा शर्मा बिग बॉस 13 का हिस्सा बनने के बाद से ही लगातार सुर्खियों में हैं. उन्होंने बेशक इस शो का खिताब न जीता हो, लेकिन इस शो के कारण माहिरा को खूब पॉपुलैरिटी मिली. इसी शो ने उन्हें घर-घर में एक खास पहचान दिलाई है. ऐसे में वह आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रह गई हैं. फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं. माहिरा भी इस मामले में कभी अपने चाहने वालों को निराश नहीं करतीं. वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. लगभग हर दिन वह फैंस के साथ कुछ न कुछ शेयर करती ही रहती हैं. अब फिर से एक्ट्रेस ने अपना सिजलिंग अंदाज दिखाया है।

माहिरा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं

इस लुक में वह इतनी बोल्ड लग रही हैं कि उन पर से लोगों के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो गया है. फोटोज में माहिरा ग्रीन कलर की शॉर्ट और बैकलेस ड्रेस पहने दिखाई दे रही हैं. लुक को कंप्लीट करने के लिए उन्होने लाइट मेकअप किया है और बालों को खुला छोड़ा है. इसके साथ माहिरा ने हाई हील्स पेयर की हैं. यहां वह टेबल पर बेबाकी के साथ अलग-अलग अदाएं दिखा रही हैं. इस लुक में एक्ट्रेस बेहद हॉट लग रही हैं. कुछ मिनटों में इन फोटोज पर हजारों लाइक्स आ चुके हैं. फैंस उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं।

कई प्रोजेक्ट्स में दिख चुकी हैं माहिरा

गौरतलब है कि माहिरा शर्मा कई टीवी शोज का हिस्सा रह चुकी हैं. इसके अलावा वह बहुत सी म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं।

श्वेता शर्मा पर चढ़ा बोल्डनेस का खुमार, सिजलिंग अदाओं से बढ़ाया इंटरनेट का पारा

भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस श्वेता शर्मा के हुस्न के लाखों दीवाने हैं. वह जब भी नए लुक में अपनी फोटोज शेयर करती हैं तो इंटरनेट का पारा अचानक से गरम हो जाता हैं. श्वेता शर्मा ने अब लेटेस्ट फोटोशूट करवाया है, तस्वीरों में श्वेता ब्लू बिकिनी पहने हुए हैं. श्वेता शर्मा की ये तस्वीरें फैंस के दिल की धड़कने बढ़ा दी है श्वेता शर्मा ने इंस्टाग्राम पर अपनी हसीन तस्वीरें शेयर की है जिसमें वो अपनी हॉटनेस का तड़का लगाती नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही हैं. एक्ट्रेस ने बिकिनी के साथ एक स्कार्फ भी कैरी किया है. जो उनके लुक को और खूबसूरत बना रही हैं. वहीं श्वेता ने अपने लुक को बालों में बन और न्यूड मेकअप के साथ पूरा किया है. फैंस उनकी कातिलाना अदाओं के दीवाने हो गए है. एक्ट्रेस श्वेता अपने कातिलाना अंदाज से लोगों को दीवाना बनाए जा रही हैं. हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता शर्मा की बिकनी फोटोज खूब वायरल हुई थी. ऐसे में एक बार फिर इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी हैं।

सोनाक्षी सिन्हा ने अपने भाई के निर्देशन में बनी पहली फिल्म की शूटिंग की पूरी

आगामी थ्रिलर, निकिता रॉय एंड बुक ऑफ डार्कनेस की निर्धारित समय से पहले शूटिंग पूरी हो चुकी है। यह फिल्म सोनाक्षी के भाई कुश सिन्हा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। इसमें अर्जुन रामपाल, परेश रावल और सुहैल नैय्यर के साथ सोनाक्षी सिन्हा भी हैं। फिल्म का लंदन में 40 दिन का शेड्यूल था, लेकिन 35 दिनों के रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ। उन्होंने मुंबई में दो दिन के सीक्वेंस की शूटिंग भी की। इस पर टिप्पणी करते हुए, सोनाक्षी ने कहा, यह मेरे लिए एक शानदार और बहुत खास शूट था क्योंकि मुझे अपने भाई की पहली फिल्म में अभिनय करने का मौका मिला। फिल्म के बेहतरीन कलाकारों ने मुझे और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। परेश जी के साथ काम करना और उनके साथ स्क्रीन स्पेस साझा करना सम्मान की बात है। शूटिंग चुनौतीपूर्ण थी और इस प्रकार यह बहुत अधिक मनोरंजक थी। इस यूनिट के साथ शूटिंग करते हुए मैंने बहुत अच्छा समय बिताया।फिल्म में सोनाक्षी के सह-कलाकार, अर्जुन ने कहा, हालांकि यह मेरे लिए एक छोटा शूट था, लेकिन यह बहुत यादगार था। यह एक ऐसा अनोखा किरदार है जिसे कुश चाहते थे कि मैं निभाऊं। एक कैमियो में इतनी सारी भावनाओं को प्राप्त करना एक चुनौती थी। लेकिन मुझे लगता है कि हमने ठीक से कर लिया।उन्होंने आगे कहा, सोनाक्षी के साथ मैंने पहली बार काम किया है, हमारे बीच अच्छी केमिस्ट्री है। परेश रावल के साथ फिर से जुड़ना बिल्कुल आनंदमय था। लंदन का ग्रामीण इलाका हमेशा शांत रहता है, शूट करने के लिए आदर्श है। फिल्म को पूरा करने के लिए टीम को बधाई। स्क्रीन पर आने का इंतजार है। निकिता रॉय एंड बुक ऑफ डार्कनेस निकी भगनानी, विक्की भगनानी और निकी विक्की भगनानी फिल्म के अंकुर तकरानी, क्रेटोस एंटरटेनमेंट, निकिता पाई फिल्म्स की किंजल घोने और दिनेश गुप्ता द्वारा निर्मित है।निकिता रॉय एंड बुक ऑफ डार्कनेस के 2023 में रिलीज होने की उम्मीद है।

11 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी अल्लारी नरेश की इट्लू मारेदुमिली प्रजानीकम

टॉलीवुड स्टार अल्लारी नरेश की अगली फिल्म नवंबर में रिलीज होगी। निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। इट्लू मारेदुमिली प्रजानीकम 11 नवंबर को दुनियाभर में रिलीज होगी।

अनाउंसमेंट पोस्टर में नरेश अपने साथियों और पुलिस अधिकारियों के साथ आदिवासी इलाके में घूमते हुए दिख रहे हैं। इट्लू मारेदुमिली प्रजानीकम का निर्देशन ए.आर. मोहन ने किया है, फिल्म फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में हैं।

टीजर को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद फिल्म ने खूब चर्चा बटोरी है। फिल्म की कहानी का अनावरण करने वाले वीडियो ने अल्लारी नरेश को एक सरकारी अधिकारी के रूप में एक गहन चरित्र में प्रस्तुत किया, जिसे आदिवासी क्षेत्र- मेरेदुमुल्ली में चुनावी ड्यूटी पर भेजा जाता है, जहां उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

हस्या मूवीज के राजेश डंडा, जी स्टूडियो के सहयोग से फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। आनंदी फिल्म की प्रमुख महिला हैं, जबकि वेनेला किशोर, प्रवीण और संपत राज महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। बालाजी गुट्टा फिल्म के सह-निर्माता हैं, जिसमें श्रीचरण पकाला ने संगीत दिया है, जबकि राम रेड्डी ने छायांकन को संभाला है। अब्बूरी रवि ने संवाद लिखे हैं। ब्रह्मा कदली कला निर्देशक हैं और छोटा के. प्रसाद संपादक हैं।

ड्रामा सीरीज आशिकाना में करणवीर बोहरा निभाएंगे बैड बॉय की भूमिका

लोकप्रिय टीवी अभिनेता करणवीर बोहरा, जिन्होंने जस्ट मोहब्बत, शरारत और कसौटी जिंदगी की जैसे शो में काम किया है, ड्रामा सीरीज आशिकाना के दूसरे सीजन में एक बार फिर एक बैड बॉय की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। करणवीर आशिकाना में एक स्टाइलिश सीरियल किलर की भूमिकाएंगे। यह सीरीज 10 अक्टूबर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित होगी। अपनी भूमिका और शूटिंग के अपने अनुभव के बारे में विस्तार से बताते हुए, अभिनेता ने कहा, आशिकाना में मेरा किरदार बहुत ही विचित्र और शैलीबद्ध है। मैं एक सीरियल किलर की भूमिका निभा रहा हूं, लेकिन उसके साथ एक मजाकिया पक्ष है। श्रृंखला के निर्देशक गुल खान एक चरित्र को शैलीबद्ध करना जानते हैं। कलाकार जैन और खुशी से मिलकर अच्छा लगा।आशिकाना डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर हिंदी भाषा की रोमांस ड्रामा सीरीज है, जिसका निर्देशन गुल खान ने किया है।

टाइगर जिंदा है के बाद अली अब्बास की फिल्म में फिर दिखेंगे सलमान खान

2017 में आई एक्शन थ्रिलर फिल्म टाइगर जिंदा है के लिए अली अब्बास जफर और सलमान खान ने हाथ मिलाया था। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। अब सुनने में आ रहा है कि ये दोनों फिर एक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। एक बड़े पैमाने पर बनने वाली फिल्म के लिए दोनों के बीच बातचीत चल रही है। उम्मीद है कि जल्द इस संबंध में आधिकारिक घोषणा होगी। रिपोर्ट के अनुसार, अली अब्बास और सलमान एक फिल्म के सिलसिले में बातचीत कर रहे हैं। एक सूत्र ने बताया, सलमान और अली अब्बास पिछले कुछ महीनों में कई प्रोजेक्ट्स पर चर्चा कर रहे थे और आखिरकार उन्होंने एक एक्शन फिल्म करने फैसला किया है। यह एक उम्दा एक्शन फिल्म है, जो काफी भावनात्मक होगी। फिल्म का विषय चुनौतीपूर्ण है और इसके लिए सलमान को ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरना पड़ेगा। यह सलमान के सुल्तान के मिजाज की फिल्म हो सकती है, जिसमें उन्होंने एक पहलवान की भूमिका निभाई थी। कहा जा रहा है कि सलमान ने फिल्म के लिए मौखिक तौर पर हामी भर दी है। कोई भी अंतिम निर्णय लेने से पहले वह पूरी स्क्रिप्ट का इंतजार कर रहे हैं। स्क्रिप्ट देखने और परखने के बाद ही वह फिल्म साइन करेंगे। फिल्म को बड़े बजट में बनाया जाएगा और इसके अधिकांश हिस्सों की शूटिंग विदेशों में होगी। सूत्रों की मानें तो मेकर्स अगले साल जून में इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म ईद के मौके पर 2024 में रिलीज होगी। अली अब्बास फिलहाल शाहिद कपूर की फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन में जुटे हैं। इसके साथ-साथ वह बड़े मियां छोटे मियां के प्री-प्रोडक्शन को पूरा करने में लगे हैं। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ नजर आएंगे। दोनों प्रोजेक्ट के बाद अली अब्बास सलमान की फिल्म शुरू करेंगे। अली अब्बास के घर खुशियों की किलकारी गूंजी है। वह एक बेटी के पिता बने हैं। अली अब्बास और उनकी पत्नी एलिसिया जफर के घर 24 सितंबर को नन्ही परी का आगमन हुआ है। फिल्ममेकर ने सोशल मीडिया पर यह खुशखबरी शेयर की है। सलमान मास्टर की हिंदी रीमेक में नजर आ सकते हैं। टाइगर 3 में भी सलमान अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इस फिल्म में एक बार फिर कैटरीना कैफ के साथ उनकी जोड़ी नजर आएगी।

रोज सुबह पीना चाहिए ब्रोकली के जूस जानिए क्या है इसके बेहतरीन फायदे

ब्रोकली खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ब्रोकली के साथ उसका जूस भी शरीर को कई फायदे पहुंचा सकता है। जी दरअसल रोज इसके सुबह खाली पेट सेवन से सेहत से जुड़ी कई समस्याएं दूर हो सकती है। आपको बता दें कि ब्रोकली में फाइबर और विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो हमारे शरीर के लिए जरूरी है। केवल यही नहीं बल्कि इसके अलावा, इसमें प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट, आयरन, कैल्शियम, सेलेनियम, पॉलीफेनोल के साथ विटामिन ए भी पाया जाता है। अब हम आपको बताते हैं ब्रोकली के जूस के अद्भुत फायदे।

- **इम्यूनिटी-** विटामिन सी से भरपूर ब्रोकली का जूस रोज सुबह खाली पेट पीने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है, जो आपके शरीर को वायरस और बैक्टीरिया से दूर रखता है।
- **खराब कोलेस्ट्रॉल-** शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल का हाई लेवल दिल की बीमारी का कारण बनता है। इसके चलते दिल का दौरा भी पड़ सकता है। हर दिन सुबह ब्रोकली का जूस पीने से कोलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल होता है। इसमें फाइबर पाया जाता है, खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करता है।
- **मजबूत हड्डियां-** ब्रोकली हड्डियों के लिए भी फायदेमंद होता है। जी दरअसल इसमें मौजूद कैल्शियम हड्डियां को मजबूत बनाता है और इससे जुड़ी बीमारियों को भी दूर रखता है।
- **डायबिटीज-** ब्रोकली का जूस एंटी ऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होता है जिसके चलते ये डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद है। हर दिन सुबह खाली पेट ब्रोकली का जूस पीने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।
- **स्किन-** ब्रोकली के जूस स्किन को भी फायदा पहुंचा सकता है। जी दरअसल इसमें विटामिन-सी होता है, जो आपकी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाता है।

हचकी से हैं परेशान तो तुरंत राहत दिला सकती है काली मिर्च

हिचकी आना आज के समय में एक सामने समाया है। इसको चाहकर भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। जी दरअसल वैसे तो ये कुछ मिनटों के लिए आती है और पानी पी लेने से दूर हो जाती है। हालाँकि कभी-कभी ये काफी देर तक परेशान कर सकती है।

जी हाँ और एक्सपर्ट्स का कहना है कि हिचकी की समस्या हमारे शरीर में मौजूद पसलियों और डायाफ्राम के बीच होती है। जी हाँ और इनमें स्थित इंटरकोस्टल मांसपेशियों का अचानक संकुचन होता है जो ऐंठन का रूप ले लेती है। ऐसे में यह ऐंठन आचनाक गले से टकराती है और हिचकी शुरू हो जाती है। क्या आप भी अक्सर हिचकी के आने से काफी देर तक परेशान रहते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आयुर्वेद में भी हिचकी के कुछ कारगर उपायों के बारे में बताया गया है। आज हम आपको उन्ही उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं।

- **इलायची पाउडर-** इसका इस्तेमाल करने के लिए पानी को उबालें और इसमें थोड़ा सा इलायची पाउडर डाल लें। उसके बाद पानी को छान लें और गुनगुना होने पर इसे सिप-सिप करके पिएं।
- **चीनी-** इसका इस्तेमाल करने के लिए एक एक या आधा चम्मच चीनी लें और इसे मुंह में डालकर चबाएं।
- **आयुर्वेदिक नुस्खा-** इसके लिए आपको काली मिर्च पाउडर की मदद लेनी होगी। जी हाँ, और ध्यान रहे आपको काली मिर्च पाउडर का सेवन नहीं करना है।

सदर बाजार में स्थित कपड़े की दुकान की संचालक के साथ हुई मारपीट

पास में ही कपड़े की दुकान संचालित करने वाली महिला के साथ व्यापारी पुत्र ने की जमकर मारपीट

संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट

कोलारस – कोलारस थाना क्षेत्र के सदर बाजार में कपड़े की दुकान का संचालन करने वाली महिला अनीता पत्नी सुरेंद्र सक्सेना निवासी सरजापुर हाल निवास संत फार्म जगतपुर कोलारस ने अपनी आपबीती और अपने साथ घटी घटना को रोते हुए सुनाते हुए बताया की बीते रोज 22 नवंबर बुधवार को दोपहर 3ः30 बजे मैं अपनी कपड़े की दुकान पर बैठी हुई थी और कपड़ों की घड़ी कर रही थी तभी पास में ही कपड़े की दुकान संचालित करने वाले व्यापारी रवि जैन प्रदीप जैन पारस जैन रूपेश जैन चारों युवक आए और मेरे साथ मारपीट करने लगे स्टील के मीटर से मेरी पिटाई की जिससे आंख पर काफी गहरी चोट भी आई है मेरे पीट पैर में भी चोट आई है मेरा मंगलसूत्र नाक की लॉन्ग भी तोड़ दी जो मुझे नहीं मिली कपड़े भी फाड़ दिए कोलारस थाने पर परिजनों के साथ पहुंची और फरियादी महिला अनीता सक्सेना ने बताया कि कल से लेकर आज तक कोई कार्रवाई सुनवाई नहीं हुई है और आज भी मैं कोलारस के अस्पताल में एम एलसी कराने के लिए बैठी हुई है परंतु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई,

ग्रामीण लोगों के हक पर डाला जा रहा है डाका सेल्समैन समरत लोधी द्वारा 500 क्विंटल की कालाबाजारी

ग्रामीण लोगों ने हर जगह आवेदन किया लेकिन प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है

पत्रकार राकेश परिहार पिछोर
पिछोर ,खनियाधाना

मामला खनियाधाना अनु विभाग ग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द से आया है जहां पर शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित समरत लोधी के नाम है लेकिन दुकान संचालक ग्रामीणों को समय पर खाद्यान्न वितरण नहीं करता है और रातों-रात कालाबाजारी कर राशि अपनी जेब में रख रहा है ऐसा ग्रामीणों ने समरत लोधी सेल्समैन पर आरोप लगाया है ग्रामीण लोगों का कहना है कि 500 कुंटल की कालाबाजारी की है समय पर प्रधानमंत्री हर महा निशुल्क एवं खाद्यान्न दिया जाता है पर यहां कुछ और ही मामला है दो दो तीन तीन महा राशन नहीं मिलता है इस पर शासन कोई कार्रवाई नहीं कर रही है अगर शासन द्वारा कोई दुकान संचालक पर समरथ लोधी पर कोई

संज्ञान नहीं मिलती है तो हम लोग जिलाधीश महोदय के समक्ष जाकर धरना प्रदर्शन करेंगे बा जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती है तब तक हम धरना प्रदर्शन करेंगे ऐसे भ्रष्ट सेल्समैन पर उचित से उचित कार्रवाई की जाए और गरीबों को उनका हक मिल सके शासकीय उचित मूल्य की दुकान कोड 508087

इनका कहना है

फूड इंस्पेक्टर पिछोर अभिषेक दुबे मेरे संज्ञान में सुबह बात आई है इसकी हम जांच करवाते हैं जांच के उपरांत ही हम उस पर कार्रवाई करेंगे।

शाखा प्रबंधक

समरत लोधी बात बिल्कुल सही है लेकिन ग्रामीण लोगों द्वारा दो बार फिंगर नहीं लगाए जा रहे हैं इसलिए खाद्यान्न वितरण करने में समस्या है।

ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से एक व्यक्ति की मौत

पुष्पांजली टुडे से संवाददाता विशाल सिंह की रिपोर्ट

करेरा अमोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से एक व्यक्ति की मौत, जानकारी के अनुसार ग्राम बाघरा सांजोर में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक महेश जाटव मौके पर ही मृत्यु हो गई जिसकी उम्र लगभग 30 साल बताई जा रही है घटना ट्रैक्टर का एक पहिया अपने आप निकलने से हुई है

स्कूल में छात्र छात्राओं को दी नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था मातृभूमि जन कल्याण सेवा समिति द्वारा शासकीय हाई स्कूल हरिजन बस्ती पिछोर मे कार्यक्रम आयोजित किया

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

इस कार्यक्रम में स्कूल प्रभारी संतोष गुप्ता, शिक्षक सौरभ पुरोहित, अभिषक भट्ट, प्रवीण गुप्ता, सुरेखा पाठक, मंजुलता शर्मा, स्वाधीनता पुरोहित, सकुंतला सोनी, रजनीश तिवारी के साथ विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।नवांकुर संस्था से रजनीश तिवारी ने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को नशा से होने वाले दुष्परिणामों के विषय में जानकारी दी और उन्हें नशा न करने की सलाह दी।अपने संबोधन में संस्था संचालक रजनीश तिवारी ने कहा कि जो व्यक्ति अपने जीवन में सफल होना चाहता है वह सामाजिक कुरीतियों को अपने छात्र जीवन से ही दूर रखें तो सफलता उसके कदम चूमती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक सैनिक सीमा पर अपने देश के लिए ख?ा होकर दुश्मनों से हमारी रक्षा करता है उसी प्रकार हमें अपने आसपास से नशा रूपी दुश्मन को खत्म कर अपनी और अपने देश की रक्षा करना चाहिए।कार्यक्रम में विद्यालय संचालक संतोष चौधरी ने सभी को नशे के दुष्परिणाम के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राओं ने नशा न करने की शपथ ली। वही संस्था द्वारा भरतपुर इमलिया ग्राम प्रस्फुटन समिति के माध्यम से दीवार लेखन का कार्य कराया गया जिसमें नशा मुक्ति अभियान के तहत स्लोगन दीवार पर लिखे गये। कार्यक्रम में भरतपुर इमलिया ग्राम पंचायत समिति के सदस्य तुलसीराम शर्मा एमएसडब्ल्यू के छात्र संजीव विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

केसीपीएल प्रीमियर लीग का हुआ आयोजन

ट्रॉफी फाइटर ने जीता खिताब

पुष्पांजली टुडे/नारायणलाल सेंगचा

बेंगलुरू। कर्नाटक सीरवी समाज टूर्नामेंट केसीपीएल प्रीमियर लीग का आयोजन होसूर रोड़ स्थित बी.के.मैदान में हुआ ।जिसमें कुल 12 टीमों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में ट्रॉफी फाइटर टीम ने खिताब जीता। ट्रॉफी

फाइटर टीम के प्रमुख रतन लाल कप्तान प्रकाश उपकप्तान राकेश ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उपविजेता जिगनी रही ।मैन ऑफ द सीरीज प्रकाश सोलंकी रहे ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि कनकपुरा रोड़ बडेर के अध्यक्ष पेमाराम गहलोत ने टूर्नामेंट में विशेष सहयोग दिया ।भूतपूर्व अध्यक्ष भैराराम हांबड़ सदस्य हरीराम और एस.एच.आर लेआउट बडेर के उपाध्यक्ष मांगीलाल चोयल, नेमाराम परिहार,ताराराम बर्फा, ममांगीलाल सोलंकी, समाजसेवी सुरेश सेंणचा मौजूद थे द्य इस टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए आयोजनकर्ता रतन काग, राकेश राठौड़, रमेश राठौड़ भंवर लाल का विशेष सहयोग रहा।

स्कूल बैग पॉलिसी के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी– मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल बैग पॉलिसी के क्रियान्वयन के संबंध में शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बस्ते का वजन कम करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए है।

जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौर ने बताया कि जिले में समस्त शासकीय अथवा अशासकीय उ.मा.विद्यालय, हाईस्कूल, माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय में प्राप्त निर्देशों के तहत सतत मॉनिटरिंग किए जाने हेतु निरीक्षण दल गठित किया गया है। उक्त दल जिले में बस्ते का बोझ अथवा बेग पॉलिसी क्रियान्वयन के संबंध आवश्यक कार्यवाही करेगा। बैग पॉलिसी में कक्षावार पुस्तकों का वजन निर्धारित किया गया है। प्रत्येक स्कूल को नोटिस बोर्ड एवं कक्षा में बस्ते के वजन का चार्ट प्रदर्शित करना होगा, स्कूल डायरी का वजन भी बस्ते के वजन में ही सम्मिलित किया जाएगा। स्कूल बैग हल्के वजन के हो, जो कि दोनो कंधो पर आसानी से फिट हो सके, विद्यार्थियों को शाला में ट्रॉली बैग लाने की अनुमति नहीं होगी। सप्ताह में एक दिन बैग विहीन दिवस होगा। इस दिवस व्यावसायिक कार्यानुभव से संबंध गतिविधियां कराई जाएगी।

तम्बाकू और सिगरेट बिक्री के लिये लाइसेंस की नीति अटकी

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुर। खबर शिवपुरी से है जहाँ एक महीने पहले सी एम एच ओ पवन शर्मा ने सूचना जाती की थी कि शहर मैं गुटका तम्बाकू और इससे बने उत्पादों की बिक्री के लिए लाइसेंस अनिवार्य करने की व्यवस्था शुरू की जाएगी लेकिन फरमान शुरू होने से पहले ही अटक गई हैं। क्योंकि पान गुटका तम्बाकू बेचने वालों ने इसका विरोध कर दिया हैं पान मसाला बेचने के लिए लेना होगा लाइसेंस की खबर प्रकाशित हुई थी इसमें बताया गया था की कोटपा अधिनियम 2003 सिगरेट और पान मसाला अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत गुटखा तमाकू और इससे बने उत्पाद बेचने वालों के लिए लाइसेंस अनिवार्य करने का प्रस्ताव तैयार हुआ था हे नियम लागू होने के बाद शहर में कोई भी किराना दुकान पर सिगरेट तंबाकू या उससे बने अन्य उत्पाद नहीं देख सकेंगे इन सामानों को बेचने के लिए लाइसेंस होगा जिस पर जिस दुकान पर इन उत्पादों हॉकी बिक्री होगी वह दूसरा कोई भी सामान नहीं बेच सकेगा बाद में व्यापारी संघ और दुकानदारों ने विरोध प्रदर्शन भी किया था और जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय विज्ञापन भी दिया था इसी के कारण है नियम लागू करने में रुकावट आ गई साथ ही व्यापारियों से बात कर इस पर निर्णय लेने की बात कहीं जा रही है।

यह नीति लागू होगी या नही फिलहाल यह स्पष्ट नही हैं–

सीएमएचओ पवन जैन का कहना कि शासन का आदेश हैं उनका पालन करना हमारी जिम्मेदारी हैं और उनका पालन हम कराएंगे।

रूपावास गौशाला में भामाशाहो ने गायों के लिए 425 किलो की गुढ़ लापसी खिलाई व चारा भेंट किया

पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान
संवाददाता नरेश कुमार सीरवी

पाली। निकटवर्ती रूपावास गांव में श्री द्वारिकाधीश गौशाला सेवा समिति परिषद मे भामाशाह लाभार्थी भोपीजी दाकुबाई धर्मपत्नी मिश्रीलाल घोंची परिवार की तरफ से गौमाता को चावल कंकु तिलक लगाकर सोहला की चुनडी ओढाकर दिपउज्जलव की आरती पुजन अर्चना किए उसके बाद मे गायो के लिए 425किलो की गुड व लापसी बनाकर खिलाई ओर चारा भेंट किया ईश्वर से देश व प्रदेश में खुशहाली की कामना मांगी गई ईश्वर से देश व प्रदेश में सुख शांति व खुशहाली मांगी गई । इस मौके पर गौशाला अध्यक्ष दीपाराम बंजारा, देवेन्द्र पटेल, हरिभाई पटेल, बाबुदास वैष्णव, नारायण सुथार, गेनाराम भुरिया, पारसमल, ओमप्रकाश, मनीष, राकेश, प्रमोद, अशोक भाटी, सुरेश मीणा धनराज सोलंकी, सावलराम, रूचाराम सहित कई ग्राम वासी मौजूद रहे।

प्रशासन का ध्यान किधर है बीएलओ का भ्रष्टाचार इधर है

पवन विश्वकर्मा से प्राप्त जानकारी मो नगर वार्ड 11 के बी.ल.ओ. साधना जैन 5 माह से वोट नहीं जोड़ रही हैं साधना जैन का कहना है आवाई फेर में काम नहीं होता है ना ही ऑनलाइन कोई सिस्टम होता है जल्दी बनवाना है तो गोहद या भिंड जाओ 6 नंबर फार्म की पर्ची जमा करें वहीं पर बनेगा मेरे यहां नही बनेगा। ग्राम पंचायत जखारा के क्र रु ह्र गंधर्व सिंह (सचिव)काफी समय के बाद दो में से एक ऑनलाइन काटा है और स्क्रीनशॉट दिया है एक फेल्ड हो रहा है काटने में जो ऑनलाइन अप्लाई किया था ग्राम पंचायत जखारा का रहने वाला हूं मौ 11 वार्ड में डेढ़ साल से निवास कर रहा हूं ;181 पर भी कोई सुनवाई नहीं होती है जारी जारी कहकर फोन काट दिया जाता है ;5महा होने को जा रहे हैं मेरा जच्चा कार्ड नहीं बन पा रहा है नहीं कोई दवा मिल पा रही है ना कोई योजना का लाभ मिल पा रहा है।

महाविद्यालय में एमपीवीएचए के अंतर्गत कोविड-19 के प्रति

जन-जन में फैली भ्रांतियां एवं अफवाह से आमजन को जागरूक बनाने के लिए अभियान

महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

मेहगांव। शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में प्राचार्य आर के डबरिया जी के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिंड से डॉ वरुण शर्मा द्वारा महाविद्यालय में एमपीवीएचए के अंतर्गत कोविड-19 के प्रति जन-जन में फैली भ्रांतियां एवं अफवाह से आमजन की मानसिकता को बदल कर उन्हें कोरोना के दोनों टीके लगवाने के अलावा बूस्टर डोज लगवाने के लिए भी जागरूकता अति आवश्यक है ।कोरोनावायरस से बचाव ही सबसे बड़ी दवा थी फिर भी हमें अपने शरीर के इम्यूनिटी पावर को बढ़ाने के लिए तीनों डोज लगवाना आवश्यक हो गया है । डॉ वरुण शर्मा ने टीकाकरण के लिए सभी छात्र छात्राओं एवं अपने अपने परिजनों को सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण के प्रति हम सबको अपनी मानसिकता बदल कर सरकार के इस प्रयास को सफल बनाने हेतु व्याख्यान से सभी छात्र छात्राओं को लाभान्वित किया। अंत में उनकी टीम ने चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की जिसमेंचित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया । इस कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रो राधा किशन शर्मा द्वारा दिया गया कार्यक्रम के समापन में

आभार व्यक्त एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती गिरिजा नरवरिया द्वारा किया गया । आज के इस कार्यक्रम में प्रो दुर्गेश गुप्ता, प्रो सुनील बंसल, प्रो आलोक मिश्रा प्रो वंदना श्रीवास्तव, डॉ रेखा सुमन , अंबुजा गुप्ता एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति के साथ ही छात्र-छात्राओं की उपस्थिति से यह कार्यक्रम सफल रहा।

पुष्कर धरोहर समृद्धि योजना से फिर सजीव हो रहे जर्जर जलाशय

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-मध्य प्रदेश की सरकार ने तालाबों के महत्व को समझते हुए उन्हें ग्रामीण विकास की धुरी बनाने का फैसला किया। राज्य सरकार प्रदेश भर के गांवों में ऐसे पुराने तालाबों का पुनरुद्धार कर रही है, जो अनुपयोगी हो गए थे। इसी के तहत

रंग लाने लगी मुहीम, आजीविका और पेयजल का स्त्रोत बन रहे तालाब

जिले में लाखों की लागत से बनाए गए तालाब और पुराने अनुपयोगी पड़ चुके स्टॉप डैम सहित चेक डैम को फिर से पुष्कर धरोहर समृद्धि योजना के तहत उपयोग लाने की रणनीति बनाई गई। जिसमें सिंघाड़ा की फसल के साथ मत्स्य पालन भी किया जा सकेगा। शिवपुरी जिले में जल संरक्षण के लिए सामुदायिक भागीदारी एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से पुष्कर धरोहर एवं अमृत सरोवरो का निमार्ण किया जा रहा है। शिवपुरी जिले में औसत वर्षा 822 मि.मी. है जिससे वर्ष भर पेयजल एवं सिंचाई हेतु जल उपलब्ध नहीं हो पाता किन्तु पुष्कर धरोहर एवं अमृत सरोवरों के निर्माण से पेयजल, कृषि कार्य एवं अन्य रोजगार मूलक कार्य हेतु अमृत सरोवरो में पर्याप्त जल उपलब्ध रहेगा इसके अलावा जिले में पर्यटन स्थलों में वृद्धि होगी।

जिले में पुष्कर धरोहर समृद्धि अभियान के अन्तर्गत लगभग 2312.79 लाख की लागत से 710 जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है जिसमें से अभी तक 327 जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार पूर्ण हो चुका है। इस योजना में 2690 सिंचाई सुविधा सृजन के लिए और 123 तालाब में मत्स्य पालन के लिए चिह्नित किया गया है, जबकि 88 तालाब सिंघाड़ा उत्पादन के लिए चिन्हांकित किए गए हैं। इन जल संरचनाओं से 27 हजार 430 कृषक व समूह लाभांवित होंगे। योजना के क्रियान्वयन में जल उपयोगकर्ता समूह बनाकर उनकी सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है।

तीन मुख्य उद्देश्यों में जलसंसाधन पुनर्जीवित की योजना

जिपं सीईओ उमराव मरावी ने बताया कि इस योजना से तीन मुख्य उद्देश्य की प्राप्ति होगी। जिसमें कुछ तालाबों को मत्सय पालन के साथ सिंचाई के लिए तैयार किया जाएगा, और आसपास के किसानों को सिंचाई की सुविधा दी जाएगी। इससे जहां किसान वर्तमान में सिंचाई के अभाव में एकल फसल ले रहे हैं वे दोहरी फसल का लाभ ले सकेंगे। वहीं बड़े किसान फल, फूल की भी खेती कर सकेंगे। वहीं दूसरा लाभ उन तालाबों को मिलेगा जिनमें आर्थिक सुधार की गुजाईश है। इसके अलावा तीसरा फायदा कि अधिक से अधिक सिंघाडा जैसी फसल को उत्पादित कर सकेंगे।

मात्र 8.05 लाख में धिलोंधरा तालाब का जीर्णोद्धार कर शासन के 52 लाख बचाए

जनपद पंचायत खनियाधाना के ग्राम पंचायत धिलोंधरा में पूर्व से निर्मित तालाब का पुष्कर धरोहर योजनांतर्गत जीर्णोद्वार का कार्य कराया गया है जिसकी लागत 8.05 लाख रूपए है। तालाब में वेस्ट वियर का निमार्ण एवं टीवीएल मेंनटेन (वण्ड सुधार) का कार्य किया गया है फलस्वरूप तालाब की जलसंग्रहण क्षमता 72350 घनमीटर हुई है। जल भराव क्षेत्र 7.49 हेक्टयर है तथा 38.6 हेक्टर भूमि पर सिंचाई होगी यदि इसी क्षेत्रफल के आकार के नए तालाब का निमार्ण किया जाता है तो लगभग 60.00 लाख राशि में नया तालाब निमार्ण हो सकेगा किन्तु तालाब के जीर्णोद्धार से मात्र 8.05 लाख रूपये में उक्त अनुसार जल क्षमता में वृद्धि हुई है इस प्रकार शासन के 52.00 लाख राशि की बचत की गई है। जीर्णोद्धार तालाब से लगभग 180 क्विंटल मछली का उत्पादन होगा जिससे लगभग 190 कृषक समूह लाभंवित होंगे इसके अलावा तालाब से लगे ग्रामों के 14 हैंडपंप, 12 कूप तथा 60 बोरबेल के जलस्त्रोतो में वृद्धि होगी।

इनका कहना है–शिवपुरी जिले में पुष्कर धरोहर एवं अमृत सरोवरों का निमार्ण जनसहयोग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजना मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के अभिसरण से किया जा रहा है। निर्मित सरोवरों से ग्रामीण क्षेत्र में न केवल पेयजल की उपलब्धता होगी बल्कि लोगो में अजीविका के नये साधन भी सृजित होंगे।

उमराव सिंह मरावी
सीईओ, जिला पंचायत शिवपुरी

न्यूज़ ट्रैक....

भुवनेश्वर इस साल 100 ओवर फेंकने वाले विश्व के पहले गेंदबाज बने

मुम्बई । टीम इंडिया के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार टी20 अंतराष्ट्रीय में 100 ओवर फेंकने वाले विश्व के पहले गेंदबाज बने हैं। इसी के साथ ही भूवी ने एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। भुवनेश्वर ने अब तब इस साल 103.4 ओवर फेंके हैं। जिसमें 7 मेडन भी हैं। इसमें उन्होंने 6.98 की इकोनॉमी से 724 रन दिए हैं। वहीं 20 के औसत से 37 विकेट लिए हैं। वहीं 4 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं इस साल सबसे ज्यादा ओवर फेंकने के मामले में आयरलैंड के तेज गेंदबाज जोशुआ लिटिल दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने इस साल अब तक 97.2 ओवर गेंदबाजी की है। इसमें उन्होंने 39 विकेट भी लिए हैं। भुवनेश्वर का यह 87वां टी20 अंतरराष्ट्री मैच है। इस मुकाबले से पहले तक उन्होंने 23 की औसत से 90 विकेट लिए थे। जिसमें 3 बार 4 और 2 बार 5 विकेट शामिल हैं। उनकी इकोनॉमी 6.94 की रही।

श्रेयस गेंदबाजी भी सीखें

वैलिंगटन । न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर साइमन डॉल के अनुसार भारतीय टीम के पास ऑफ स्पिन गेंदबाजों की कमी नहीं है पर इसके बाद भी श्रेयस अय्यर जैसे बल्लेबाजों को विकल्प के तौर पर गेंदबाजी भी करनी चाहिये। साइमन ने कहा, 'टीम इंडिया के साथ हार्दिक पंड्या के चोटिल होने पर एक समस्या हमेशा ऐसे खिलाड़ी को लेकर रहती है जो बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी कर सके। इसलिए श्रेयस जैसे खिलाड़ियों को बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी करनी चाहिये। उन्होंने कि कि भारत में ऑफ स्पिन गेंदबाजों की कोई कमी है पर आपके बल्लेबाजों को भी ऑफ स्पिन गेंदबाजी आनी चाहिए क्योंकि आने वाले समय की जरुरत को देखते हुए युवा खिलाड़ियों का ऑलराउंडर बनना होगा। इन युवाओं को अपने भविष्य के बारे में समझने की भी जरुरत है।

बेहरेनडॉर्फ मुंबई इंडियंस की ओर से खेलेंगे

मुम्बई । मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 16 वें सत्र के लिए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडॉर्फ को अपनी टीम में शामिल किया है। मुम्बई ने उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने लिया है। आरसीबी ने बेहरेनडॉर्फ को 2022 की आईपीएल नीलामी में 75 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा था। बेहरेनडॉर्फ ने इससे पहले साल 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स, 2018 में मुंबई इंडियंस और 2022 में आरसीबी की ओर से खेला था।

सचिन कमाई के मामले में अब भी शीर्ष पर, विराट दूसरे और धोनी तीसरे नंबर पर

मुम्बई । विश्व क्रिकेट में सबसे धनी पांच क्रिकेटरों में से तीन भारतीय और दो विदेशी हैं। सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी , विराट कोहली के अलावा इसमें रिकी पोंटिंग और ब्रायन लारा जैसे क्रिकेटर शामिल हैं। इन क्रिकेटरों में से केवल आज विराट कोहली ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और धोनी आईपीएल खेलते हैं। बाकि ने खेल से संन्यास ले लिया है। सचिन , धोनी और विराट साल 2022 के सबसे धनी क्रिकेटरों में शामिल हैं। ये खिलाड़ी विज्ञापन और कारोबार से भारी कमाई कर रहे हैं। सचिन और धोनी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है जबकि विराट अभी खेल रहे हैं। वह वेतन और केन्द्रीय अनुबंध से ही करोड़ों की रकम कमा रहे हैं।



सचिन तेंदुलकर = साल 2013 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले सचिन का क्रिकेट करियर सबसे लंबा रहा है। उन्होंने 24 साल तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कई बड़े रिकार्ड अपने नाम किये हैं। आज भी दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेटरों में से एक हैं। संन्यास के एक दशक के बाद भी विज्ञापन जगत में वह छाये हुए हैं। उनका देश और विदेश के कई ब्रांड के साथ करार हैं। जिनसे वह करोड़ों रुपये कमाते हैं। वह करीब 170 मिलियन डॉलर की संपत्ति के मालिक होंने के साथ ही कमाई के मामले में नंबर एक स्थान पर हैं

विराट कोहली = टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली सबसे अमीर खिलाड़ियों में से एक हैं। विराट की सालाना औसत कमाई करीब 15 करोड़ रुपये है। वह भारतीय क्रिकेट टीम के ग्रेड ए के अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल हैं। इस अनुबंध के अनुसार उन्हें सालाना 7 करोड़ रुपये मिलते हैं। इसके अलावा वह आईपीएल से भी जमकर कमाई करते हैं। कोहली की कुल संपत्ति करीब 127 मिलियन डॉलर है और वह दूसरे नंबर पर हैं।

महेन्द्र सिंह धोनी = पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह ने दो साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था पर आईपीएल और विज्ञापन की दुनिया में आज भी वह छाये हुए हैं। धोनी कई ब्रॉन्ड से जुड़े हैं। धोनी ने एक फिल्म प्रोडक्शन हाउस भी शुरू किया है। इसके अलावा वह इंडियन सुपर लीग में चेन्नईयिन एफसी फुटबॉल टीम के भी मालिक हैं। वह धोनी सेवेन नाम से एक फैशन एंड लाइफस्टाइल ब्रांड भी चलाते हैं। इस अलावा भी कई कंपनियों में उनकी हिस्सेदारी है। धोनी 113 मिलियन डॉलर की संपत्ति के मालिक होने के साथ ही तीसरे नंबर पर हैं।

रिकी पॉन्टिंग = पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पॉन्टिंग सबसे अमीर क्रिकेटरों की सूची में चौथे नंबर पर हैं। पॉन्टिंग की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने दो बार विश्वकप जीता है। विश्व के सबसे सफलतम क्रिकेट कप्तानों में से एक रिकी पॉन्टिंग 2022 में 95 मिलियन डॉलर की संपत्ति के मालिक होने के साथ ही चौथे नंबर पर हैं। . वो एडिडास, प्यूमा, रेक्सोना, वाल्वोलिन, कूकाबुरा बैट्स और कई अन्य कई ब्रॉन्ड्स को एंडोर्स करते हैं। इसके अलावा, वो विभिन्न चैनलों पर कमेंट्री भी करते हैं। आईपीएल में भी उनके पास कोच की जिम्मेदारी है।

ब्रायन लारा = वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज रहे ब्रायन लारा के पास तकरीबन 68 मिलियन डॉलर की संपत्ति है। उनके नाम टेस्ट मैच की एक पारी में 400 रन बनाने का विश्वक रिकार्ड है। लारा के पास कई कंपनियों के विज्ञापन हैं। इसके अलावा वह एमआरएफ से भी जुड़े हैं। वह कमाई के मामले में पांचवें नंबर पर हैं।

'फीफा' के बीच ही रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़ा

दोहा । पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फीफा विश्व कप के बीच ही इंग्लैंड के क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड को छोड़ दिया है। रोनाल्डो के इस क्लब को छोड़ने की अटकलें पिछले काफी समय से चल रहीं थीं क्योंकि कोच टेन हेग से उनके मतभेद बढ़ते जा रहे थे। इस कारण कई मुकाबलों से उन्हें बाहर भी होना पड़ा था। वहीं यूनाइटेड ने भी रोनाल्डो के क्लब छोड़ने की बात मान है। इसके साथ ही उसने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं। क्लब के अनुसार रोनाल्डो ने आपसी सहमति से करार समाप्त किया है।

पिछले माह रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड प्रबंधन और कोच पर कई आरोप लगाए थे। जिसके बाद से ही वह नाराज चल रहे थे। वहीं अब फीफा विश्व कप के बीच में ही रोनाल्डो ने करार समाप्त कर क्लब को करारा झटका दिया है। वहीं गत माह रोनाल्डो ने कहा था कि कोच के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिये पर प्रबंधन ने ऐसा नहीं किया। उसके बाद ही उन्होंने क्लब को छोड़ने के संकेत दे दिये थे। वहीं, अब क्लब छोड़ने के बाद इस खिलाड़ी ने कहा, 'यह मेरे लिए नई चुनौती तलाश करने का सही समय है। मैं टीम और उसके हर सदस्य को बाकी सत्र के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' इस फुटबॉलर ने मैनचेस्टर के लिए कुल 346 मैच खेलकर 145 गोल भी दागे हैं। उन्होंने पिछले माह ही कहा था कि एलेक्स फर्ग्यूसन के जाने के बाद क्लब आगे नहीं बढ़ा है। वहीं कोच को लेकर कहा था कि मेरे मन में उनके लिए कोई सम्मान नहीं है। इसका कारण यह है कि कोच किसी का सम्मान नहीं करते हैं।

बियर कंपनी बडवाइजर ने की ट्रॉफी जीतने वाली टीम को बीयर भेंट करने की घोषणा

नई दिल्ली । फीफा वर्ल्ड कप के दर्शक काफी नाराज हैं। उन्हें स्टेडियम में शराब नहीं मिल रही है। मिल रही है तो जीरो अल्कोहल वाली बीयर। दर्शकों का रोष इस बात को लेकर है कि स्टेडियम में बीयर के नारे लग रहे हैं। दरअसल, यह कतर के यू-टर्न के चलते हुआ है। कतर ने फीफा वर्ल्ड कप शरू होने से ठीक पहले सभी 8 स्टेडियमों में बियर की बिक्री पर रोक लगा दी है। कतर के इस यू-टर्न से फीफा वर्ल्ड कप के दर्शकों को बड़ा झटका लगा है। बियर कंपनी बडवाइजर फीफा वर्ल्ड कप के लिए हजारों कैन्स लेकर आई थी। बडवाइजर इस वर्ल्ड कप की स्पांसर भी है। अब कतर के इस यू-टर्न से बडवाइजर की हजारों बियर कैन्स यूं ही पड़े हैं। फीफा और शराब के बीच विवाद कोई नया नहीं हैं। बीयर कंपनियों को स्पॉन्सरशिप दिए जाने को लेकर फीफा पर आरोप लगते रहे हैं। साल 2004 तक फीफा के नियमों के अनुसार, स्टेडियम के अंदर शराब नहीं बिक सकती थी। स्टेडियम में शराब पीने वालों को बाहर निकाल दिया जाता था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से फीफा की कोशिश रहती है कि मेजबान देश अल्कोहल की अनुमति प्रदान करें। इससे फीफा और कुछ मेजबान देशों के बीच विवाद भी हुए। बडवाइजर अकेली कंपनी थी, जिसे कतर में हो रहे फीफा वर्ल्डकप में बीयर बेचने की अनुमति मिली। फीफा वर्ल्ड कप में शराब बैन हो जाने पर अब बडवाइजर की हजारों बीयर कैन्स का क्या होगा? बडवाइजर ने ऐसे में एक अनोखा फैसला लिया है। इससे कतर में रखी बडवाइजर की एक्स्ट्रा बीयर कैन्स का अच्छा यूज हो सकेगा। बडवाइजर ने ट्विटर पर लिखा, नया दिन, नया ट्वीट। जीतने वाले देश को बड्स मिलेंगे। कौन लेगा इन्हें? इस तरह कतर ने ट्रॉफी जीतने वाली टीम को बीयर देने की घोषणा की है। ऐन वक्त पर बीयर बैन के फैसले के पीछे कोई कारण नहीं बताया गया है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कतर की रूलिंग फैमिली के हस्तक्षेप के बाद यह फैसला लिया गया। बीयर बैन से फीफा को 7 करोड़ डॉलर का झटका लग सकता है। इस वर्ल्ड कप के लिए बडवाइजर ने फीफा के साथ करार किया था। बडवाइजर ने 2026 वर्ल्ड कप के लिए भी डील की हुई है। माना जा रहा है कि करीब 10 लाख लोग 29 दिन के फीफा वर्ल्ड कप के लिए कतर पहुंचेंगे। फुटबॉल प्रशंसकों को शराब, ड्रग्स, सेक्सुअलिटी और ड्रेस कोड को लेकर नियमों का पालन करने के लिए कहा गया है। फैंस को ऐसे कपड़े पहनने की सलाह दी जा रही है जिनमें उनके शरीर का हिस्सा न दिखे।

पोलैंड और मेक्सिको मुकाबला गोलरहित ड्रॉ रहा

दोहा । पोलैंड और मेक्सिको के बीच यहां खेला गया फीफा विश्व कप फुटबॉल मुकाबला गोलरहित रहा। ग्रुप सी के इस मुकाबले में कोई भी टीम गोल नहीं कर पायी। इस मैच में पोलैंड के स्टार खिलाड़ी रॉबर्ट लेवानडॉस्की ने पेनल्टी पर गोल करने का अवसर खो दिया , जिससे टीम के हाथ आयी जीत फिसल गयी। इस मैच में मैक्सिको के खिलाड़ियों ने भी अपनी ओर से गोल करने के पूरे प्रयास करते हुए दूसरे हाफ में पोलैंड पर काफी दबाव बनाया पर वह गोल करने में नाकाम रही। मैच के 56वें मिनट में मेक्सिको के खिलाड़ी हेक्टर मोरेनो ने पोलैंड के कप्तान लेवानडॉस्की को खींच दिया जिस कारण उन्हें पीला कार्ड दिखाया गया। इसके बाद पोलैंड को पेनल्टी किक मिली पर पोलैंडकी उम्मीदों पर मैक्सिको के कप्तान और गोलकीपर गुइलेर्मो ओचोआ ने पानी फेर दिया। ओचोआ ने लेवानडॉस्की के इस शानदार शॉट को रोक कर अपने देश के प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया! ओचाओ का यह पांचवां विश्व कप है। वहीं यह पहली बार हुआ जब लेवानडॉस्की पेनल्टी को गोल में नहीं बदल पाये। इसके बाद मैक्सिको की टीम ने आक्रमण करते हुए पोलैंड पर दबाव बनाने का प्रयास किया पर पोलैंड की ओर से भी गोलकीपर वोज्शिएक सजेस्नी ने अच्छे बचाव करते हुए कोई गोल नहीं होने दिया।

मार्करम बन सकते हैं सनराइजर्स के नये कप्तान

मुम्बई । दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्करम आईपीएल के 16 वें सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान बन सकते हैं। सनराइजर्स ने हाल ही में अपने कप्तान केन विलियमसन को रिलीज कर दिया है। इसके बाद से ही टीम को नये कप्तान की तलाश है। विलियमसन का प्रदर्शन आईपीएल के पिछले सत्र में अच्छा नहीं रहा था जिसका नुकसान टीम को उठाना पड़ा था। इसके अलावा वह पिछले कुछ समय से अंतरराट्रीय क्रिकेट में भी रन नहीं बना पाये हैं। जिससे भी टीम का उनसे मोहभंग हुआ है। ऐसे में सनराइजर्स अब मार्करम को अपना नया कप्तान बनाने पर विचार कर सकती है। टीम ने विलियमसन के अलावा वेस्टइंडीज के आक्राम बल्लेबाज निकोलस पूरन को इस बार टीम में जगह नहीं दी है। सनराइजर्स के अनुसार यह कप्तानी पर फैसला लेने का समय है। हमारे प्रशंसक भी बदलाव चाहते हैं। मार्करम टीम की कप्तानी करने में सक्षम हैं हालांकि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कप्तानी का अधिक अनुभव नहीं है पर वह सेट20 लीग में भी हमारी टीम की ओर से उतरेंगे। हम शीघ्र ही कोचिंग स्टाफ से सलाह मशविरा करने के बाद इसपर फैसला लेंगे. सनराइजर्स आईपीएल की आगामी मिनी नीलामी में 42.25 करोड़ रुपये के साथ उतरेगी। टीम इस बार इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स पर भी बोली लगायेगी।

व्यापारन्यूज

अंबानी और अडानी आमने सामने, खरीदना चाहते हैं एक ही कंपनी!

नई दिल्ली । देश के दो जानेमाने अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी और गौतम अडानी आमने-सामने आ गए हैं। दोनों ही अरबपति एक कंपनी को खरीदना चाहते हैं। यह कंपनी लैंको अमरकंटक पावर है। यह एक कर्ज में डूबी थर्मल पावर कंपनी है। इस कंपनी की नीलामी 25 नवंबर को होने वाली है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह कंपनी दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। यह पहली बार है जब देश के दो सबसे बड़े कारोबारी घराने किसी एसेट को लेकर आमने-सामने हैं। मामले से जुड़े लोगों के अनुसार, दो सरकारी कंपनियों पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन का कंसोर्टियम भी बोली लगा रहा है। अगर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बोली सफल रहती है, तो यह कंपनी की थर्मल पावर सेक्टर में प्रवेश होगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इस कंपनी के लिए सबसे अधिक राशि की बोली लगाई है। रिलांयस इंडस्ट्रीज रिजोल्यूशन प्लान सबमिट करने के पहले राउंड में सबसे बड़ा बोलीदाता था। जबकि अडानी पावर दूसरे राउंड में सबसे बड़ा बोलीदाता रहा। सरकारी कंपनियों का कंसोर्टियम इन दोनों ही राउंड में तीसरे स्थान पर था। राउंड में अडानी ने 2950 करोड़ रुपए की बोली लगाई। इसमें से 1800 करोड़ एक अपफ्रंट पेमेंट होगा और बाकी 1150 करोड़ रुपए को 5 साल में देना होगा। आरआईएल ने 2,000 करोड़ रुपए का अपफ्रंट पेमेंट प्लान जमा किया है। जबकि पीएफसी-आरईसी के कंसोर्टियम ने 10 से 12 वर्षों में 3870 करोड़ रुपये का भुगतान ऑफर किया है। इस तरह दूसरे राउंड में अडानी पावर ने सबसे अधिक 2950 करोड़ रुपये ऑफर किए।

आईनॉक्स ग्रीन के शेयर की शुरुआत कमजोर रही

नई दिल्ली । आईनॉक्स विंड की अनुषंगी कंपनी आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज की शेयर बाजार में शुरुआत बुधवार को कमजोर रही और सूचीबद्धता के पहले दिन इसके शेयर 65 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब आठ प्रतिशत की गिरावट पर रहे। आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी के शेयर ने कारोबार की शुरुआत बीएसई में 6.92 प्रतिशत के नुकसान के साथ 60.50 रुपये की कीमत पर की। कारोबार के दौरान एक समय यह 8.92 प्रतिशत गिरकर 59.20 प्रति शेयर के भाव पर आ गया था। इसी तरह एनएसई में भी कंपनी का शेयर 7.69 प्रतिशत के नुकसान के साथ 60 रुपये के भाव पर सूचीबद्ध हुआ।

सेंसेक्स 450 अंक उछला तो निफ्टी 18,300 के पार

निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बढत पर कारोबार

मुंबई । घरेलू शेयर बाजार ने बुधवार के कारोबारी दिन बढ़त बनाई और वैश्विक बाजार में आई तेजी का फायदा निवेशकों को मिला। बाजार में शुरुआत से ही तेजी दिखाई दे रही है और बाजार खुलते ही निवेशक खरीदारी की ओर भागे जिससे सेंसेक्स ने शुरुआत में ही 450 अंकों की बड़ी बढ़त बना ली। सेंसेक्स बुधवार सुबह 361 अंकों की तेजी के साथ 61,780 पर खुला और कारोबार शुरू किया, जबकि निफ्टी 81 अंक चढ़कर 18,325 पर खुला और ट्रेडिंग की शुरुआत हुई। शेयर बाजार में पिछले सत्र में आई तेजी से निवेशकों का सेंटिमेंट पॉजिटिव बना रहा और उन्होंने लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में निवेश पर जोर दिया। सुबह शुरुआत में सेंसेक्स करीब 450 अंकों की तेजी के साथ 61,870 पर कारोबार करने लगा जबकि निफ्टी 100 अंकों की मजबूती के साथ 18,353 के स्तर पर पहुंच

गया। आज के कारोबार को अगर सेक्टरवार देखें तो सबसे ज्यादा तेजी निफ्टी ऑटो, मेटल और मीडिया सेक्टर में दिख रही है। यहां शुरुआत से ही 0.8 फीसदी का उछाल बना हुआ है। वैसे आज के कारोबार में निफ्टी पीएसयू बैंक को छोड़कर सभी सेक्टर में तेजी का माहौल है। निफ्टी मिडकैप 100 और स्मॉलकैप 100 पर भी 0.5 फीसदी बढत देखी जा रही है।

निवेशकों ने बुधवार को शुरुआत से ही हिंडाल्को, सिप्ला, डॉ रेडडी लैब ग्रेसिम और टाटा मोटर्स जैसी कंपनियों पर जमकर दांव लगाया और लगातार निवेश से इन कंपनियों के शेयर टॉप गेनर की सूची में आ गए। दूसरी ओर एनटीपीसी, एचयूएल, आईटीसी और ओएनजीसीजैसी कंपनियों के शेयरों में शुरुआत से ही बिकवाली रही जिससे ये स्टॉक टॉप लूजर की श्रेणी में चले गए। अगर सेक्टरवार देखें तो सबसे ज्यादा तेजी निफ्टी ऑटो, मेटल और मीडिया सेक्टर में दिख रही है। यहां शुरुआत से ही 0.8 फीसदी का उछाल बना हुआ है। वैसे आज के कारोबार में निफ्टी पीएसयू बैंक को छोड़कर सभी सेक्टर में तेजी का माहौल है. आज निफ्टी मिडकैप 100 और स्मॉलकैप 100 पर भी 0.5 फीसदी का उछाल दिख रहा है।

कच्चा तेल महंगा, यूपी में पेट्रोल-डीजल की कीमत में बदलाव

नई दिल्ली । वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटे के दौरान करीब एक डॉलर प्रति बैरल की गिरावट देखी गई है, जिसका असर बुधवार को घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर भी दिखा। सरकारी तेल कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिए हैं, लेकिन बिहार में इसकी कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल के दाम आज भी नहीं बदले हैं। गौतमबुद्ध नगर जिले (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) में पेट्रोल 16 पैसे महंगा होकर 97.00 रुपये लीटर और डीजल 13 पैसे महंगा होकर 90.14 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। दूसरी ओर बिहार की राजधानी पटना में आज पेट्रोल का भाव 53 पैसे नीचे आय है और नई कीमत 107.59 रुपये लीटर पहुंच गई है। जबकि डीजल 50 पैसे सस्ता होकर 94.36 रुपये लीटर के भाव पहुंच गया है। अगर कच्चे तेल की बात करें तो पिछले 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी एक डॉलर से ज्यादा का उछाल आया है। ब्रेंट क्रूड का भाव चढ़कर 88.36 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया है। वहीं डब्ल्यूटीआई में भी करीब 2 डॉलर की बढ़त दिख रही और यह 81.26 डॉलर प्रति बैरल के भाव बिक रहा है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 97.00 रुपये और डीजल 90.14 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

सोने व चांदी में आई तेजी

नई दिल्ली । वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में तेजी की वजह से घरेलू सराफा बाजार में बुधवार 23 नवंबर को सोने और चांदी के भाव वायदा बाजार और वैश्विक बाजार में हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव 0.06 फीसदी तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। वहीं वायदा बाजार में चांदी की कीमत भी 0.30 फीसदी बत के साथ कारोबार कर रहा है। बुधवार को वायदा बाजार में 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव सुबह 30 रुपये की तेजी के साथ 52,319 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। सोने का भाव बुधवार सुबह 52,349 रुपये पर खुला था। खुलने के कुछ देर बाद ही इसमें हल्की गिरावट आई और भाव 52,281 रुपये तक चला गया। बाद में भाव थोा तेज हुआ और कीमत 52,319 रुपये हो गया। कल एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.01 फीसदी की गिरावट के साथ 52,285 रुपये पर बंद हुआ था। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी का भाव में भी रंगत आई है। चांदी 180 रुपये चकर 61,166 रुपये पर कारोबार कर रही है। चांदी का भाव कल वायदा बाजार में 0.53 फीसदी तेजी के साथ 60,955 रुपये पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के भाव में तेजी देखी गई है। सोने का हाजिर भाव 0.06 फीसदी चकर 1,739.42 डॉलर प्रति औंस हो गया है। चांदी 1.06 चकर 21.07 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। सोने की कीमतों में पिछले एक महीने में 5.25 फीसदी की तेजी आई है। वहीं पिछले 6 महीनों में यह 6.22 फीसदी गिरा है। चांदी भी पिछले एक महीने में 8.05 फीसदी तेज हुई है। मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोने की हाजिर कीमतों में हल्का उछाल आया था। चांदी भी कल तेजी के साथ बंद हुई थी। 10 ग्राम सोने की कीमत सुबह के कारोबार में 30 रुपये बढ़कर 52,731 रुपये पर पहुंच गई थी। इसी तरह चांदी 856 रुपये उछलकर 61,518 प्रति किलोग्राम हो गई।

रुपया 14 पैसे टूटकर 81.81 पर पहुंचा

मुंबई । वैश्विक बाजारों में अमेरिकी डॉलर की मबजूती और विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने के बीच रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे टूटकर 81.81 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 81.81 पर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 14 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे की तेजी के साथ 81.67 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.16 पर पहुंच गया।

एक साल में गंवाई आधी दौलत, अब कभी भी नंबर एक की कुर्सी से हट सकते हैं एलन मस्क

170 अरब डॉलर रह गई नेटवर्थ, इस साल आई 101 अरब डॉलर की गिरावट दूसरे नंबर के अमीर आरनॉल्ट व मस्क में केवल 13 अरब डालर का अंतर बचा

सैन फ्रांसिस्को । दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की कुर्सी खतरे में है। पिछले एक साल में वह अपनी आधी दौलत गंवा चुके हैं। पिछले साल नवंबर की शुरुआत में उनकी नेटवर्थ 335 अरब डॉलर पहुंच गई थी, लेकिन बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अब उनकी नेटवर्थ 170 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 101 अरब डॉलर की गिरावट आई है। उनकी कंपनी टेस्ला के शेयरों में सोमवार को करीब सात फीसदी गिरावट आई। इससे मस्क की नेटवर्थ एक झटके में 8.59 अरब डॉलर कम हो गई। टेस्ला इलेक्ट्रॉनिक कारें बनाती है और दुनिया की सबसे मूल्यवान ऑटो कंपनी है। लेकिन हाल के दिनों में इसके शेयरों में काफी गिरावट आई है। मस्क ने पिछले महीने के अंत में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर को खरीदने की डील पूरी की थी। उसके बाद से उनका फोकस इसी पर लगा हुआ है।

निवेशकों को आशंका है कि आने वाले दिनों में मस्क का जोर ट्विटर को प्रॉफिट में लाने पर रह सकता है। यही वजह है कि वे टेस्ला के शेयरों से मुंह मोड़ रहे हैं। इस कारण कंपनी के शेयरों में गिरावट आ रही है। मस्क ने भी हाल में टेस्ला के अरबों डॉलर के शेयर बेचे थे। इससे निवेशकों की आशंका और मजबूत हुई है। नेटवर्थ में गिरावट से मस्क की कुर्सी को भी खतरा पैदा हो गया है।

फ्रांस के कारोबारी बर्नार्ड आरनॉल्ट दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। उनकी नेटवर्थ 157 अरब डॉलर है। यानी दोनों की नेटवर्थ में अब केवल 13 अरब डॉलर का अंतर रह गया है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर भारत के गौतम अडानी हैं। उनकी नेटवर्थ 130 अरब डॉलर है। सोमवार को इसमें 2.58 अरब डॉलर की गिरावट आई। अडानी इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अरबपति हैं। टॉप 10 में उनके अलावा सभी अरबपतियों की नेटवर्थ में गिरावट आई है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 116 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ चौथे नंबर पर हैं। माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स (113 अरब डॉलर) पांचवें, जाने माने अमेरिकी निवेशक वॉरेन बफेट (109 अरब डॉलर) छठे, लैरी एलिसन (9215 अरब डॉलर) सातवें, लैरी पेज (88.7 अरब डॉलर) आठवें, मुकेश अंबानी (88.2 अरब डॉलर) नौवें और स्टीव बाल्मर (86.3 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। सर्गेई ब्रिन (84.9 अरब डॉलर) 11वें और फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग (42 अरब डॉलर) 27वें नंबर पर हैं।

थाना विश्वविद्यालय क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई लूट की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश कर दो नाबालिग आरोपियों को लूटे गये माल सहित पकड़ा

पकड़े गये नावालिग लुटेरों से पुलिस टीम द्वारा लूटा गया माल 1,74,500/-रूपये नगद, 3 सोने की अंगूठी, 1 सोने का वाला, 1 सोने का टॉप, 1 सोने का सिक्का, 1 सोने का टुकड़ा, 16 चांदी के सिक्के व एक मोबाइल बरामद किया,पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये लुटेरों से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल भी की जप्त

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। थाना विश्वविद्यालय क्षेत्र के पटेल नगर स्थित आदित्य स्कूल के सामने बिजली विभाग के सेवानिवृत इंजीनियर व उनकी पत्नी के साथ मोटर सायकिल सवार दो बदमाशों ने दिनदहाड़े झपट्टा मारकर नगदी व ज्वेलरी से भरा पर्स छीनकर भाग गये। उक्त लूट की बारदात को गंभीरता से लेते हुए अति. पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन श्री डी.श्रीनिवास वर्मा,भापुसे द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे को लूट घटना का पर्दाफाश कर शत-प्रतिशत माल बरामदगी कर लुटेरों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की टीमें बनाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर के निर्देश पर अति.पुलिस अधीक्षक शहर(दक्षिण) श्री मोती उर रहमान,भापुसे, तथा अति.पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया के मार्गदर्शन में पुलिस की टीमें बनाई गई।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो के परिपालन में सीएसपी मुरार/डीएसपी अपराध श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे, सीएसपी विश्वविद्यालय श्री रत्नेश तोमर एवं सीएसपी महाराजपुरा श्री रवि भदौरिया के कुशल मार्गदर्शन में थाना विश्वविद्यालय, थाना गोले का मन्दिर, थाना महाराजपुरा एवं क्राईम ब्रांच की टीमों को उक्त लूट की घटना का पर्दाफाश करने हेतु लगाया गया। पुलिस टीमों द्वारा घटना स्थल के आसपास के सभी सीसीटीव्ही फुटेज चेक किये गये तथा टेक्नीकल टीम को सक्रिय किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा पूरे घटनाक्रम पर सत्त संपर्क रखते हुए जांच में लगी हुई टीमों को लगातार दिशा निर्देश दिये गये। लूट की घटना की पतासाजी हेतु पूर्व के आपराधिक रिकॉर्ड व जेल से रिहा हुए लुटेरों की भी तस्दीक की गई। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज में दिख रहे मोटर सायकिल सवार बदमाशों की तस्दीक हेतु मुखबिर तंत्र मामूर किये गये। दौरान विवेचना पुलिस टीम को ज्ञात हुआ कि उक्त लूट कने वाले बदमाशों का हुलिया पिंटों पार्क पर रहने वाले दो लड़कों से मिलता है। जिस पर थाना विश्वविद्यालय पुलिस द्वारा थाना गोले का मन्दिर पुलिस के सहयोग से दोनों बदमाशों की तलाश की गई। आज दिनांक 24.11.2022 को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि उक्त दोनों बदमाशों को मेला ग्राउण्ड में देखा गया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीमों द्वारा मेला ग्राउण्ड क्षेत्र में उनकी तलाश की गई तो एक सूनसान जगह पर दो संदिग्ध मोटर सायकिल लिये हुए खड़े दिखे। पुलिस टीम को देखकर उनके द्वारा मोटर सायकिल स्टार्ट कर भागने की प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर खड़ी हुई पुलिस टीम को मौके पर ही दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया गया। पकड़े गये संदिग्धों से उक्त लूट के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा थाना विश्वविद्यालय क्षेत्र में आदित्य स्कूल के सामने महिला का पर्स छीनकर भागने की घटना को स्वीकार किया। पकड़े गये दोनों बदमाश नाबालिग हैं। थाना विश्वविद्यालय पुलिस द्वारा दोनों नावालिग लुटेरों को अप0क्र0 562/22 धारा 392 भादवि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट में अभिरक्षा में लिया गया।पकड़े गये दोनों नाबालिग बदमाशों की निशादेही पर पुलिस टीम द्वारा लूटा गया मशरूका 1,74,500/-रूपये नगद, 3 सोने की अंगूठी, 1 सोने का वाला, 1 सोने का टॉप, 1 सोने का सिक्का, 1 सोने का टुकड़ा, 16 चांदी के सिक्के व एक मोबाइल बरामद किया गया। बदमाशों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल को भी पुलिस टीम द्वारा बरामद कर लिया गया है। लुटेरों से बरामद किये गये 16 चांदी के सिक्के के संबंध में पुलिस द्वारा फरियादी से जानकारी प्राप्त कि गई तो उनके द्वारा बताया गया कि वह हड़बड़ी में एफआईआर में लिखवाना भूल गये थे।

घटना का संक्षिप्त विवरण- थाना विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत ग्रीन गार्डन सिटी सेंटर निवासी श्री कप्तान सिंह सोलंकी, बिजली विभाग से रिटायर्ड इंजीनियर द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 22.11.2022 को वह दोपहर में अपनी पत्नी के साथ घर से लगभग 02 लाख रूपये, एक सोने की चेन, तीन अंगूठी एवं एक वन प्लस कंपनी का मोबाइल पत्नी के लेडीज पर्स में रखकर पंजाब नेशनल बैंक में जमा कराने के लिये निकले थे। पटेल नगर स्थित आदित्य स्कूल के सामने मोटरसायकिल से आये दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनकी पत्नी के हाथ से पर्स छीनकर लिया और वह दोनों मोटरसायकिल के साथ भाग गये। थाना विश्वविद्यालय पुलिस द्वारा अज्ञात लुटेरों के खिलाफ अप0क्र0 562/22 धारा 392 भादवि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

बरामद मशरूका-1,74,500/-रूपये नगद, 3 सोने की अंगूठी, 1 सोने का वाला, 1 सोने का टॉप, 1 सोने का सिक्का, 1 सोने का टुकड़ा, 16 चांदी के सिक्के व एक मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसायकिल।

सराहनीय भूमिका- उक्त लूट की घटना का पर्दाफाश कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी विश्वविद्यालय निरीक्षक मनीष धाकड, थाना प्रभारी गोले का मन्दिर निरीक्षक धर्मेन्द्र यादव,थाना विश्वविद्यालय टीम- उप निरीक्षक ब्रह्मानंद शर्मा, रोहित भदौरिया, सउनि भूपेन्द्र कटारे, प्र.आर. हरवीर सिंह, जितेन्द्र सक्सैना, आरक्षक राजकुमार पाल, शीलेन्द्र तोमर थाना गोले का मन्दिर टीम- प्र.आर. महावीर, आरक्षक विष्णु, नीरज, गिर्राज, जसवीर, देवेन्द्र कौरव थाना महाराजपुरा टीम- कुलदीप तोमर, विजय वघेल की सराहनीय भूमिका रही।

अपनायें सावधानियां : रोक सकती हैं हमारे साथ अपराध घटित होने से विषय पर चर्चा आयोजित

चेम्बर भवन में सायं 04.30 बजे से एडीजीपी-श्री डी. श्रीनिवास वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी के सानिध्य में किया गया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का बुके देकर एमपीसीसीआई पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। अध्यक्ष विजय गोयल द्वारा इस अवसर पर अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज के इस जागरूकता कार्यक्रम में अतिथियों का एवं सभी उपस्थित गणमान्य सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन है। जब हम अपने घरों में सुकून और विश्ड़वास के साथ सो रहे होते हैं तो उसमें सर्वप्रथम ईश्वर का आशीर्वाद और उसके बाद पुलिस का अहम योगदान होता है। ग्वालियर पुलिस द्वारा जो 1 करोड़ 20 लाख की लूट का मात्र चार घंटे में खुलासा किया और इसके पूर्व भी हुए कई ब्लाइंड घटनाओं का जिस तत्परता से चंद घंटों में खुलासा किया है, उसके लिए हम पुलिस कप्तान श्री अमित सांघी जी को 'जादूगरक्क्कह सकते हैं और एडीजीपी महोदय के आने से पुलिसिया कार्यवाही में चार चांद लगे हैं। आज की इस चर्चा में हम यदि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बतायी गई सावधानियों पर अमल करेंगे तो निश्ड़चित ही घटना/दुर्घटनाओं से सुरक्षित रह सकेंगे।

पुलिस अधीक्षक-श्री अमित सांघी ने कहा कि अभी हाल ही में जो लूट की तीन घटनायें हुई हैं, उसमें एक चीज कॉमन है कि पीड़ित बैंक जा रहे थे या बैंक से लौटकर आ रहे थे। वहीं अपराधी अपना फेस कवर किये हुए थे। इन घटनाओं को ट्रेस कराने में एडीजीपी महोदय

का हमें मार्गदर्शन मिला है और आगे घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगे उसके लिए भी हमें टिप्स मिले हैं। हम उन पर अमल करेंगे वहीं कुछ सावधानियां आपको एडीजीपी महोदय देंगे जिन्हें आपको फॉलो करना है। आपने कहा कि ग्वालियरवासियों ने घटना के घटित होने पर जिस तरह का संयम अपनाया और जो विश्ड़वास पुलिस पर किया, उसी का परिणाम है कि हम घटनाओं को तेज गति से ट्रेस कर पाये। इसके लिए सभी शहरवासियों का आभार है। आपके इस विश्ड़वास से हमें ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। एडीजीपी, ग्वालियर जोन-श्री डी. श्रीनिवास वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान युग में हमें डिजिटिल ट्रांजेक्शन करना चाहिए। नगद लेन-देन बहुत कम करने चाहिए। आपने कहा कि अधिकांश घटनाओं में आपके यहां कार्यरत कर्मचारी ही अपराधी या अपराध करने वाले के सहयोगी होते हैं। इसलिए अपने यहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का चाहे वह स्थायी हों या अस्थायी उनकी जानकारी पुलिस की आई.टी. सेल में जरूर दें। यदि चेम्बर ऑफ कॉमर्स के माध्यम से वह फार्म हमें प्राप्त होंगे तो हम उनका सत्यापन 48 घंटे में हो ऐसा सुनिश्ड़चित करेंगे। इसके साथ ही आपने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी व्यापारियों को दिये, जिनसे वह अपराधिक घटनाओं से अपना बचाव कर सकते हैं। साइबर क्राइम की सूचना देने के लिए आपने शीघ्र ही एक हेल्पलाइन नंबर जारी करने का आश्वासन दिया ताकि साइबर क्राइम होने के एक घंटे के अंदर वारदात पर कार्यवाही संभव हो सके। परिचर्चा का संचालन कर रहे मानसेवी सचिव डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि किरायेदार/नौकरों की सूचना देने वाला फार्म चेम्बर सचिवालय में उपलब्ध रहेगा और व्यापारी यहां से फार्म प्राप्त कर एवं उसे भरकर चेम्बर सचिवालय में ही दें। हम सामूहिक रूप से सभी फार्म चेम्बर के पत्र के साथ उन्हें आई.टी. सेल में प्रेषित करेंगे।

ग्वालियर महापौर की वायदा खिलाफी को लेकर आम आदमी पार्टी ने दिया धरना

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। आम आदमी पार्टी यूथ बिंग के सचिव तरुण राठौर ने बताया कि आज आम आदमी पार्टी यूथ बिंग ने ग्वालियर महापौर की वादाखिलाफी के विरोध में नदी गेट पर संभागीय प्रभारी हिमांशु चौहान एवं युवा नेता प्रशांत माथुर के नेतृत्व में धरना दिया। उक्त धरने को संबोधित करते हुए संभागीय अध्यक्ष रोहित गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि ग्वालियर की महापौर शोभा सतीश सिकरवार ने जनता के साथ वायदा खिलाफी की है उन्होंने चुनाव से पूर्व अपने वचन पत्र में यह लिख कर दिया था कि अगर मैं चुनाव जीती तो जल कर के बकाया बिलों को माफ कर दूंगी एवं जल कर को कम करने के लिए संशोधन प्रस्ताव परिषद में लेकर आयेंगे मगर तीन माह से ज्यादा का समय हो गया है लेकिन महापौर जी ने ग्वालियर की जनता के हित में कोई फैसला नहीं लिया है जनता को झूठे सपने दिखा कर सत्ता में आने के बाद सत्ता के मद में अपने द्वारा किए गए वायदों को महापौर जी भूल गई आम आदमी पार्टी महापौर को चैन की नींद नहीं सोने देगी जब तक उनसे सभी वायदे पूरे नही करवा लेती है। आगे उक्त धरने को संबोधित करते हुए यूथ विंग के संभागीय प्रभारी हिमांशु चौहान ने कहा कि महापौर शोभा सिकरवार को चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के अंदर जल कर को लेकर कोई ठोस कदम नही उठाया तो आप यूथ विंग इस आंदोलन को जनता के बीच मे लेकर जाएगी। आगे धरने को संगठन मंत्री कुलदीप बाथम, वरिष्ठ नेता ओ पी उपमन्यु,पूर्व जिलाध्यक्ष सपन भारद्वाज ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्वालियर में गड्ढो में सड़क हो रही है सड़को की हालत खराब है,गंदे पानी की सप्लाई हर घर में हो रही है मगर महापौर जी का ध्यान ग्वालियर की समस्याओं पर ना होकर सिर्फ उद्घघटान है

आज की उक्त धरने में मुख्य रूप से -रोहित गुप्ता एडवोकेट,हिमांशु चौहान, प्रशांत मथुर, कृष्णा कुशवाह, तरुण राठौर, मनीष सिसोदिया ,कुलदीप बाथम, यतेंद्र राठौर, सपन भारद्वाज, सुरेंद्र जयसवाल, सतीश राय, आयुष कुशवाह,सुमित पाल, ऋषभ ठाकुर ,भूपेंद्र किरार,दीपू गुर्जर, राजेश कंषाना, सुनील रजक,नितेश कदम,ललित जायसवाल,बलवीर बघेल,संजय देहलवार, मोहन पाल, श्याम सिंह गौर, हर्षिता गुर्जर, रोबिन गुगरी, ऋषभ तोमर, ब्रजकिशोर, पतिराम माहौर,गोविंद राम लोधी ,यश सोनी, आदर्श मराठा, राजा पंडित, पवन गोस्वामी,देव जयसवाल,वंश झा, गौतम तोमर ,जितेंद्र गौहर, जितेंद्र सिंह अम्ब, नरेन्द्र भारती, मिना चौहान, रंजन बाजोरिया,मोहन पाल, मीना राजपूत, डालचंद केवरे, सुनील राज, मनीष शर्मा,श्याम बाबा, करन सिंह, शारुख खान, नारायण सिंह कुशवाह,भगवान सिंह, डॉ.ज्येंद्र रावत आदि उपस्थित थे।

शासकीय उकृष्ट उमा विद्यालय में संभाग स्तरीय बाल रंग का आयोजन सम्पन्न

ग्वालियर । लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण के तत्वावधान में संभाग स्तरीय बाल रंग का गरिमामयी आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उ. मा. विद्यालय ग्वालियर में संपन्न हुआ ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. दीपक पांडे संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग ग्वालियर ने की द्य मुख्य अतिथि के रूप में श्री उदय उपेंद्र भिड़े, प्राध्यापक, शासकीय शिक्षा महाविद्यालय ग्वालियर, कार्यक्रम समन्वयक श्री अशोक पवार सहायक संचालक ग्वालियर , कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री प्रबुद्ध गर्ग प्राचार्य उत्कृष्ट उ मा वि ग्वालियर, जिला नोडल अधिकारी आइ ए जैदी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन साहित्यिक सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. दीप्ति गौ[] एवं मंजू नरवरिया ने संयुक्त रूप से एवं आभार प्रदर्शन डॉ. उमेश पाठक ने किया । कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में निर्णायक डॉ. प्रतिभा त्रिवेदी, मनोरमा भार्गव, डॉ. नीरज शर्मा, पुष्पा शर्मा, श्री मोहम्मद अहमद खान, श्रीमती नेहा खान, श्रीमती निधि शुक्ला उपस्थित रहे । महोत्सव का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्री प्रदीप शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया । तत्पश्चात माल्यार्पण से अतिथियों का स्वागत किया गया । स्वागत भाषण उत्कृष्ट विद्यालय मुरार के प्राचार्य प्रबुद्ध गर्ग ने दिया । कार्यक्रम में विभिन्न साहित्यिक सांस्कृतिक और

संस्कृत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में ग्वालियर गुना और दतिया के 40 विद्यार्थी शामिल हुए । प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर अतिथियों ने पुरस्कृत किया । प्रतियोगिता में विजेता छात्र- छात्राओं को 17 दिसंबर को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सहभागिता करनी होगी । राष्ट्रीय बाल रंग समारोह 18-19 दिसंबर को भौपाल में आयोजित होगा । चित्रांकन, योग, निबंध, सुलेख प्रतियोगिता में जिला स्तर पर चयनित छात्रों के चित्रों को मूल रूप से राज्य स्तर पर सम्मिलित करने हेतु भेजा जावेगा ।

प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे-

प्रश्न मंच- सुनैना बघेल एवं आर्यन श्रीवास्तव टीम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय ग्वालियर

संस्कृत भाषण -करण शर्मा ग्वालियर

वेद पाठ- अनु शर्मा संस्कृत विद्यापीठ दतिया

वाद विवाद -कशिश बंजारा एवं शिवांगी त्रिवेदी शासकीय पदमाराजे ग्वालियर स्वरचित काव्य पाठ - श्रेया मिश्रा उत्कृष्ट विद्यालय ग्वालियर

पाठ्यपुस्तक कविता पाठ- गर्विता त्यागी गजराराजा ग्वालियर

तात्कालिक भाषण- अंश कुमार कनिष्ठ वर्ग बडोरी मुरार

संस्कृति माहेश्वरी वरिष्ठ वर्ग गजराराजा ग्वालियर

भाषण प्रतियोगिता- अश्वनी प्रताप सिंह जीवाजीराव ग्वालियर

सुगम संगीत- प्रथम जोशी गोरखी ग्वालियर

शास्त्रीय नृत्य- अलका कौरव मॉडल मुरार

शास्त्रीय नृत्य दिव्यांग- वाणी पाठक माउंट लिट्राड़ी स्कूल ग्वालियर

लोकगीत- रेणु कुशवाहा एवं साथी सीएम राइज पटेल

लोक नृत्य -सोम रजक समूह पागन वीसी

वादन प्रतियोगिता- शिवोहम तिवारी उत्कृष्ट विद्यालय दतिया

इस अवसर पर श्रीमती रेखा मुले, पी बी श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार शर्मा, शैलेंद्र श्रीवास्तव, पीपीएस सोलंकी, मुकेश जाटव, ओमप्रकाश गोयल, प्रतिभा भदौरिया, अखिलेश कुमारी, स्वीटी राजावत, चित्रा दामले, सीमा गुप्ता , नीरज बिलाटिया, पल्लव सक्सेना, राजेश शर्मा धर्मेंद्र, पूजा गुप्ता, प्रतिभा शर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागी गण एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षक उपस्थित रहे ।

संभाग आयुक्त ने फोटो निर्वाचक नामावली कार्य का किया निरीक्षण

ग्वालियर । संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने दतिया जिले की नगर पंचायत बड़ौनी में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के कार्यक्रम के तहत् मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने, हटाने एवं सुधार कार्य का मतदान केन्द्र पर जाकर अवलोकन कर बीएलओ से चर्चा कर जानकारी ली। संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने कलेक्टर संजय कुमार एवं अन्य अधिकारियों के साथ बड़ौनी में सीएम राईज स्कूल परिसर में बनाये गए मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित केन्द्र के बीएलओ से मतदाता सूची में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने के साथ ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई है अथवा लंबे समय से उक्त मतदान केन्द्र के तहत् निवास नहीं कर रहे है उनका नाम हटाने एवं सुधर कार्य की जानकारी ली। सिंह ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई है। उनकी सूची संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ को उपलब्ध करायें जिससे बीएलओ मृतक मतदाताओं के नाम आसानी से काट सके। उन्होंने उपजिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी मतदान केन्द्रों पर फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के बैनर एवं पलैक्स भी लगाये जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महाविद्यालयों एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूलों के ऐसे छात्र-छात्रायें जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है। उन्हें नाम जुड़वाने हेतु प्रत्येक शिक्षण संस्थाओं में एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करे। उन्होंने निर्देश दिए कि 8 से 10 बीएलओ के कार्य का सुपरवाईजर भी निरीक्षण करें। इस दौरान केन्द्र क्रमांक 17 के बीएलओ ने बताया कि नये 27 नाम जोड़ने 4 नाम को हटाने एक नाम में सुधार हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 18 के बीएलओ ने बताया कि 8 नये नाम जोड़ने एक नाम हटाने का, वार्ड क्रमांक 19 में 24 नाम नये जोड़ने, 2 नाम काटने के साथ 4 मतदाताओं ने सुधार हेतु आवेदन दिया है।कलेक्टर संजय कुमार ने इस दौरान जिले में अभी तक फोटो निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने काटने एवं संशोधन से संबंधित प्राप्त आवेदनों से अवगत कराया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश भार्गव, एसडीएम दतिया ऋषि कुमार सिंघई, तहसीलदार सुनील यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478